सुप्रभात
रांची, बुधवार
04.09.2024
**नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 56



06 यौन दुष्कर्म के मामले और राष्ट्रपति की चिंता

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरा दक्षिणी छोटानागपुर की लाखों माता-बहनों को

खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

हर बहना को हर साल ₹12 हजार

सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

4 सितम्बर, 2024 | अपराह्न 01:00 बजे से
ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम, रांची

दक्षिणी छोटानागपुर (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा) की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है

48 लाख
से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख
बहनों के आवेदन स्वीकृत

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 334643 (Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25

## उत्पाद सिपाही दौड़ में हुई मौत के लिए हेमंत सरकार को ठहराया जिम्मेवार

# आश्रित को ₹50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी दे सरकार: बाबूलाल

**भाजपा का आरोप - घायल अभ्यर्थियों के इलाज में लापरवाही भी मौत का कारण बनी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ओरमांझी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ओरमांझी के जिराबर गांव में मृतक अजय कुमार महतो के परिजन से मुलाकात की। श्री मरांडी ने कहा कि यह संवेदनहीन सरकार है। युवाओं की मौत हो रही है और सरकार निश्चिंत है। परिजनों की सुध लेने की भी राज्य सरकार को फुर्सत नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में जिस प्रकार से नियमों का उल्लंघन किया, वह अभ्यर्थियों नवजवानों के मौत का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं की गयी। लंबी यात्रा करके नौजवान सेंटर पर पहुंचे। रात भर जागकर लाइन में लगे और सुबह में धूप में उन्हें दौड़ाया गया। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर नवजवानों के स्वास्थ्य पर पड़ा। ऐसे में स्वाभाविक है कि नींद पूरी नहीं होने से ब्लड प्रेशर भी बढ़ता है। शरीर की कार्य क्षमता घटती है। फिर भी अभ्यर्थी दौड़ने को विवश हुए।

उन्होंने कहा कि जहां तक नियमावली की बात है 2018 की बहाली नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है कि दौड़ के पहले अभ्यर्थियों की लिखित और शारीरिक जांच परीक्षा हो। जो इसमें सफल हों उन्हीं को दौड़ में शामिल किया जाये लेकिन इस सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक घंटा में 10 किलोमीटर की दौड़ उत्पाद विभाग के सिपाही के लिए अव्यवहारिक है। इतनी अनिवार्यता तो सेना की बहाली में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि अजय कुमार महतो के इलाज में भी लापरवाही बरती गयी। दौड़ में बेहोश हो जाने की स्थिति में परिजनों को सूचित किया गया। उनके पिताजी उनका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में कराना चाहते थे लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि उल्टे उन्हें फुड पाइप के द्वारा नाक से रिम्स में भोजन दिया गया, जबकि वे बोल रहे थे और खाने और पीने में सक्षम थे। इस प्रकार इलाज में भी लापरवाही बरती गयी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह मौत की जिम्मेवार है। उन्होंने सरकार से मृतकों के आश्रित को 50 लाख रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इसके पहले श्री मरांडी ने मृतक अजय महतो के आश्रितों को एक लाख रुपये प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू भी थे।

## झारखंड भवन के उद्घाटन पर हेमंत सोरेन के श्रेय लेने पर भाजपा का कटाक्ष

# केवल फीता काटने वाले सीएम के रूप में याद किये जायेंगे हेमंत सोरेन: प्रतुल

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा- कब तक पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की योजनाओं का उद्घाटन करते रहेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा ने झारखंड भवन के उद्घाटन पूरे ताम-झाम के साथ करने के समारोह पर कटाक्ष किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा सरकार की शुरू की गयी योजनाओं के फीता काटने वाले मुख्यमंत्री के रूप में याद किये जायेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से जानना चाहा कि वो कब तक भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा शिलान्यास और फंड की गयी योजनाओं का उदघाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम सिर्फ एक योजना का नाम बता दें, जिसका शिलान्यास और उद्घाटन दोनों उन्होंने ही किया हो।

उन्होंने कहा कि झारखंड भवन का भी शिलान्यास तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 18 जनवरी 2016 को किया था। इसकी पूरी फंड की भी व्यवस्था उस समय कर ली गई थी। हेमंत सोरेन सिर्फ फीता काटकर वाह वही लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं कि जब भाजपा सरकार के द्वारा शुरू की गई योजनाओं को फीता काटकर मुख्यमंत्री अपनी पीठ खुद थप थपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले दुमका जिले में मयूराक्षी नदी पर बने राज्य के सबसे लंबे पुल का शिलान्यास भाजपा की सरकार के समय हुआ था। फंडिंग भी हो गई थी। लेकिन उदघाटन के समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे अपनी उपलब्धि में जोड़ लिया। इसके अतिरिक्त पलामू में कोयल सोन नदी पर बने पुल की भी यही कहानी है। फंडिंग और शिलान्यास भाजपा सरकार की और उदघाटन सीएम ने किया। इसके अतिरिक्त रांची नगर निगम के नये भवन और वेजिटेबल मार्केट की भी योजना और योजना की फंडिंग भाजपा सरकार के समय तैयार हुई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिर्फ फीता काटा था। यही स्थिति पलामू और गढ़वा के अनेक पावर सब स्टेशन की रही है। उन्होंने कहा कि सबसे शर्मनाक पहलू है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन सारी योजनाओं का पूरा क्रेडिट भी खुद ले रहे है।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी सीआई का सीओ पद पर नहीं हुई प्रोन्नति

**भू-राजस्व विभाग को कोर्ट से मिले 12 हफ्ते की मियाद पूरी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भू-राजस्व विभाग की तरफ से 13 मार्च को करीब 64 सीआई को प्रमोशन मिला। इन सभी 64 सीआई को सीओ के पद पर पद्दोनति मिली, लेकिन इनमें से कुछ जो पूरी आहर्ता रखते थे, उन्हें विभाग की तरफ से प्रमोशन नहीं मिल पाया। उन्हीं में से एक हैं सत्यम भारद्वाज। सत्यम भारद्वाज फिलहाल धनबाद जिले के गोविंदपुर अंचल में बतौर सीआई पोस्टेड हैं। सत्यम भारद्वाज की वरीयता क्रमांक 907 है, लेकिन विभाग की तरफ से प्रमोशन देते वक्त 910 वरीयता क्रमांक वाले सीआई को प्रोमोट कर दिया गया, जबकि 907 वरीयता क्रमांक वाले सत्यम भारद्वाज को प्रमोशन नहीं दिया गया। ऐसा होने के बाद सीआई सत्यम भारद्वाज को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

सत्यम भारद्वाज के कोर्ट जाने के बाद सुनावई शुरू हुई। 25 अप्रैल को कोर्ट का फैसला आ गया। कोर्ट ने विभाग से कहा कि मामले में विभाग की तरफ से 12 हफ्ते के अंदर सही फैसला लिया जाए। फैसले की जानकारी सत्यम भारद्वाज की तरफ से 30 अप्रैल को विभाग को दे दी गयी।

जानकारी देने के बाद करीब चार महीने बीत गए। यानी करीब 16 हफ्ते, लेकिन विभाग की तरफ से सुस्त रवैया अपनाया जा रहा है। किसी तरह का कोई फैसला मामले में विभाग की तरफ से नहीं लिया जा रहा है। स्थिति यथावत बनी हुई है। सत्यम भारद्वाज धनबाद जिले के गोविंदपुर अंदर में बतौर सीआई काम कर रहे हैं। देखने वाली बात होगी कि विभाग कब नींद से जागता है और कोर्ट के फैसले के आलोक में किस नतीजे पर पहुंचता है।

# बहुत ही धूर्त तांत्रिक बाबा हैं असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा: बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लगातार झारखंड दौरे पर आ रहे असम के सीएम और बीजेपी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा पर हमला बोलते हुए धूर्त तांत्रिक बाबा बताया है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए बंधु तिर्की ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मैं इसीलिए उनको धूर्त तांत्रिक कह रहा हूं क्योंकि 3 साल पहले हेमंत सरकार को अस्थिर करने के समय हमको भी उन्होंने फोन किया था। हमको तांत्रिक बाबा ने फोन करके गंगा में हाथ धोने की बात कह रहा था, मैंने उनको डांटा था।

पत्रकारों से बंधु तिर्की ने कहा कि असम सीएम से आप लोग पूछिएगा कि बंधु तिर्की को जानते हैं। झारखंड के बारे में उनको अभी समझना होगा झारखंड का लोग असम और दूसरे राज्य की तरह नहीं हैं आपको हिम्मत है तो यहां जो आदिवासियों का जमीन को जो लूट लिया गया है उसको वापस करने की बात आप कहें लेकिन ये कभी भी यहां के बारे में, यहां के लोगों के बारे में ऐसी बात नहीं कर सकते।

कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि जिस तरह से झारखंड की जनता के बीच सांप्रदायिक भावना को भड़काकर, घुसपैठ बोलकर, झारखंड को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इतना अगर हिमंता बिस्वा सरमा को यहां के लिए चिंता है तो आज एचइसी फैक्ट्री बंद हो गयी है, उसका एकाउंट फ्रीज हो गया है, उसके हक के बारे में एक शब्द भी वे नहीं बोलते। झारखंड के लोग हर साल कितने पलायन कर जाते हैं उसके बारे में बोलते, रोजगार के बारे में बोलते तो कुछ समझ में आता लेकिन उनके बारे में उसके पास में कोई शब्द नहीं है क्योंकि केंद्र में उनकी सरकार है।

बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की जो जमीन लूट गयी है उस जमीन को वापस कराने की बात भी तो हिमंता बिस्वा सरमा को करनी चाहिए। सरना कोड के बारे में उनके मुंह से बात नहीं निकलता है, आदिवासियों का नाम लेकर दम भरना, 150 साल से चाय बगान में टी ट्रायब के रूप में रह रहे हैं जिनको एमओबीसी के रूप में जाना जाता है आज तक उसके बारे में किसी तरह की बात नहीं करना, उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाना चाहिए था। हमेशा घुसपैठिए बोलकर जिस तरह से माहौल बनाया जा रहा है वह उचित नहीं है। मैं असम के मुख्यमंत्री से सवाल करना चाहता हूं कि आप आसाम से कितने घुसपैठिया को आज तक बाहर किया उसका आंकड़ा पूरे देश के बीच में सार्वजनिक करना चाहिए। कितने घुसपैठिए को आपने बाहर किया पहले यह आंकड़ा आपको बताना चाहिए तब यहां के बारे में बात करना चाहिए।

## रंजीत सिंह कोहली को हाइकोर्ट से झटका, नहीं मिली जमानत

**तारा शाहदेव प्रकरण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सजायाफ्ता रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की जमानत अर्जी झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। रंजीत कोहली की ओर से रांची सिविल कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्र कैद की सजा को निरस्त करने को लेकर हाई कोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर की गई है। हाई कोर्ट की खंडपीठ में कोहली ने हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल का जमानत की गुहार लगाई थी। मामले में रंजीत कोहली की ओर से बहस में कोर्ट को बताया गया था कि वह पति-पत्नी के रूप में थे इसलिए उनके खिलाफ रेप का मामला नहीं बनता है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। इस मामले में पूर्व में झारखंड हाई कोर्ट से रंजीत कोहली की मां कौशल रानी और बर्खास्त रजिस्ट्रार विजिलेंस मुश्ताक अहमद को जमानत मिल चुकी है।

बता दें कि रांची के सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने रंजीत कोहली की मां कौशल रानी को 10 साल की सजा सुनाई थी। साथ ही मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई थी, जबकि रंजीत कोहली को अंतिम सांसों तक जेल में रहने को लेकर उम्र कैद की सजा सुनाई थी। दरअसल, इस हाई प्रोफाइल मामले में सीबीआई कोर्ट ने मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी एवं मुश्ताक अहमद को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत किया गया था, वहीं बचाव पक्ष की ओर से 4 गवाह प्रस्तुत किया गया था।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 से, झारखंड पुलिस 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्या सुन करेगी समाधान

**18 मुद्दों पर पुलिस आम लोगों की सुनेगी समस्या और करेगी समाधान**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 सितंबर से होगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दे पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। कार्रवाई योग्य शिकायत पर त्वरित निदान करना और पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रदर्शित करना इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। साथ ही नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना भी कार्यक्रम का उद्देश्य है।

क्षेत्र से गुमशुदा बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना और मामला दर्ज करना। क्षेत्र में संचालित विभिन्न संस्थाओं में महिलाओं और छात्रों के सुरक्षा के संबंध में जानकारी को प्राप्त करना। आम जनता को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताना।

नये अपराधिक कानून और जीरो एफआईआर के बारे में जानकारी देना। आम जनता को डायल 112 के बारे में बताना। आम जनता को साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के बारे में बताना। कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए घटनाओं की जांच पूर्ण करने और ऐसे संभावित घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना।

क्षेत्र में होने वाले अपराध, अपराधियों की सूचना ,साइबर अपराध की घटना और अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चीट-फंड की जानकारी प्राप्त करना।

क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना, जिससे भविष्य में विधि व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। पुलिस थाना और संबंधित कर्मी होमगार्ड व चौकीदार का नागरिकों के साथ व्यवहार और शिकायतों पर उनके रिस्पॉन्स के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।

नये कोई विशेष मामले जो उस समय संज्ञान में लाये जायेंगे।

ऐसे क्षेत्र जहां मानव तस्करी की घटना घटती है, वहां पर विशेष रूप से मानव तस्करी के पीड़ित के बारे में जानकारी प्राप्त करना और मानव तस्करी में संलिप्त अपराधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना। ऐसे क्षेत्र जहां पर डायन प्रथा को लेकर अपराध होते हैं, वहां पर विशेष रूप से डायन से संबंधित अपराध के पीड़ित को आवश्यक सहायता देना और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करना।

ऐसे क्षेत्र जहां पर अफीम की खेती होती है, वहां की जानकारी प्राप्त करेंगे। ऐसे क्षेत्र जहां पर ब्राउन शुगर की खपत हो रही है, उसकी जानकारी प्राप्त करना और इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी जुटाना। ऐसे क्षेत्र (विशेष कर शहरी क्षेत्र) जहां रात में अड्डाबाजी आदि होती है, उसे चिन्हित करने का प्रयास करेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगे की अड्डेबाजी हो रही है तो किसके द्वारा हो रही है और उसको कैसे रोका जाये।

डीएसपी या उसके ऊपर स्तर के पदाधिकारी विशेष रूप से उन शिकायतों पर भी ध्यान देंगे, जहां पर अनुसंधानकर्ता ने किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने व किसी दोषी व्यक्ति को बचाने के लिए गलत अनुसंधान किया हो. ऐसे मामलों में सुनिश्चित करेंगे कि पुनः जांच हो और बाद में न्याय हो सके। संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा उपाय यथा सीसीटीवी का लगाना, नागरिक सुरक्षा समिति का गठन के लिए प्रेरित करना।

## विस चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की जिलाध्यक्षों के साथ बैठक कल

**चुनावी रण क्षेत्र तैयार, सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने 5 सितंबर, गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राज्य के सभी जिलाध्यक्षों की बैठक बुलायी है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव मौजूद रहेंगे। मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जिलाध्यक्ष से संगठन को लेकर सभी से विस्तृत जानकारी लेंगे। बैठक में बूथ कमिटी में कार्य कितना हुआ है और कितना बचा इसकी भी चर्चा होगी। सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि यह बैठक जिला संगठन के निचले स्तर से लेकर ऊपर तक के कार्यकर्ताओं के मनोभावों, विचारों को जानने के लिए है ताकि उसके अनुसार पार्टी कार्यक्रम और नीतियां तय कर सकें और झारखंड के विकास के लिए पार्टी नीति निर्धारण का काम अच्छा से कर सकें। पार्टी का मानना है कि चुनावी रण क्षेत्र तैयार है और ऐसे समय में हमें जरूरत है कि कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों के साथ सरकार की चल रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों तक संगठन के माध्यम से पहुंचाया जाये ताकि उसका फायदा संगठन को मिल सके।

प्रदेश कांग्रेस का मानना है कि झारखंड ऐसे दौर पर खड़ा है जहां विभाजनकारी शक्तियां झूठे प्रचारों के सहारे सांप्रदायिकता फैलाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर हमारी लोकप्रिय महागठबंधन की सरकार है जो झारखंड के विकास की नयी इबारत लिख रही है। इस चुनाव में इन विभाजनकारी शक्तियों को हमें एकजुट होकर मात देना है।

## युवा आजसू का झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा 8 को, प्रभात तारा मैदान में जुटेंगे राज्यभर के युवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व और राज्य के युवाओं के साथ से हम नए झारखंड का निर्माण करेंगे। पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत युवा आजसू 8 सितंबर दिन रविवार को धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन करेगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में सरकार के क्रियाकलापों से प्रदेश भर के आक्रोशित युवा शामिल होंगे और सरकार की वादाखिलाफियों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उक्त बातें युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अमित कुमार ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। प्रेस वार्ता में अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा एवं ज्योत्सना केरकेप्ता भी उपस्थित थे।

प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को सुनहरे भविष्य के झूठे सपने दिखाकर सत्ता हासिल की है। आज पांच साल बीत जाने के बाद भी युवाओं के हित के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। राज्य में लाखों सरकारी पद रिक्त पड़े हैं लेकिन सरकार ने इन्हें भरने पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। युवाओं के अंदर आज सरकार के खिलाफ आक्रोश है। युवा आजसू और अखिल झारखंड छात्र संघ के सभी पदधारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।

**एक लाख से अधिक बेरोजगार युवाओं ने जमा किया अपना बॉयोडाटा** : अमित कुमार ने बताया कि बेरोजगार युवाओं का डेटा इकट्ठा करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में चलाए जा रहे बॉयोडाटा संग्रह अभियान में युवाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आज भी यह अभियान राज्य के शिक्षण संस्थान, कोचिंग सेंटर्स, हॉस्टल्स लॉज के साथ साथ घर घर तक चलाया गया। युवाओं के समर्थन का ही नतीजा है कि अभी तक एक लाख से अधिक बेरोजगार युवाओं ने अपना डेटा ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से जमा कर दिया है। यह अभियान 7 सितंबर तक चलाया जायेगा। सात सितंबर तक जमा हुए बेरोजगार युवाओं के डेटा को हम 8 तारीख को होने वाले झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में राज्य सरकार के समक्ष पेश करेंगे ताकि उन्हें समझ में आये कि उन्होंने राज्य के युवाओं के भविष्य को किस तरह संकट में डाल दिया है। हमारे पदधारियों और कार्यकर्ताओं के साथ साथ बॉयोडाटा एकत्र करने के लिए स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बेरोजगार युवाओं से स अभियान से ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से जुड़कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का अनुरोध किया है।

**खबर एक नजर में**

### राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता सह सांसद राहुल गांधी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ सांसद केसी वेणुगोपाल एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन उपस्थित थीं।

### नयी दिल्ली में पदमश्री डॉक्टर नरेश त्रेहान से मिले संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने देश-विदेश में 50,000 से अधिक ओपन हार्ट सर्जरी करने वाले प्रख्यात चिकित्सक और मेदांता के निदेशक पद्मश्री डॉ नरेश त्रेहान से मंगलवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात में संजय सेठ डॉ नरेश त्रेहन को सम्मानित किया और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिये आभार प्रकट किया। रांची में न्यूरो व कैंसर के बेहतर ईलाज की सुगम व्यवस्था हो, रांची में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो सके, इन मुद्दों पर रक्षा राज्यमंत्री ने बातचीत की। मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि उन्होंने डॉ नरेश को रांची आने का निमंत्रण भी दिया है।

**केंद्रीय मंत्री ने रांची में न्यूरो और कैंसर की बेहतर और सुगम स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा की**

### ड्रैगन टॉर्च से जंगलों की निगाहबानी करेगा वन विभाग

**रांची।** वन विभाग जंगल की सुरक्षा के लिए ड्रैगन टॉर्च का इस्तेमाल करेगा। इससे रात के अंधेरे में तस्करों के साथ-साथ जंगली जानवरों पर भी नजर रखी जायेगी। सभी वन प्रमंडल में विभाग 885 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध करायेगा। सबसे अधिक पलामू टाइगर रिजर्व के लिए 90 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध कराया जायेगा। इसके बाद हजारीबाग के जंगलों की निगाहबानी के लिए 60, रांची के लिए 50, चतरा और जमशेदपुर लिए 50-50 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध कराया जायेगा।

**जानवरों के पानी पीने के लिए 770 चेक डैम का होगा निर्माण**

जंगल क्षेत्र में जानवरों के पीने का पानी के लिए 770 चेक डैम का निर्माण किया जायेगा। वहीं जंगल में मौजूद 618 परंपरागत जलस्त्रोतों का भी जीर्णोद्धार किया जायेगा।

## टिकट को लेकर भीड़ से प्रदेश नेतृत्व हलकान, हर विस क्षेत्र से दर्जनों नेताओं ने दिया है आवेदन

# भाजपा : उम्मीदवारी के लिए सर्वे टेस्ट करना होगा पास

**उदय चौहान**




**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा में टिकटार्थियों की भीड़ एकाएक बढ़ गयी है। हर विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों नेताओं-कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवारी के लिये आवेदन दिया है। टिकटार्थियों के भीड़ की छटनी के लिये भाजपा नेतृत्व आंतरिक सर्वे करा रहा है। हांलाकि, बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर का नेता उम्मीदवारी के लिये बेचैन दिख रहा है। दूसरी ओर, बाहर से आये हुये नेताओं की मौजूदगी से पुराने कार्यकर्ताओं में निराशा घर कर रही है।

भाजपा सूत्रों के अनुसार उम्मीदवारी का दावा करने वाले नेताओं को सर्वे के चार मानकों पर खरा उतरना होगा। भाजपा इस बार उम्मीदवारों की स्थिति का हर स्तर पर आकलन करेगी। फिर कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों की इच्छा को जानने और समझने के लिये अलग-अलग सर्वे कराया जा रहा है। लेकिन, चुनाव में जीत हासिल करने का दम रखने वाले नेताओं को ही उम्मीदवारी के लिये प्राथमिकता दी जायेगी। हांलाकि, दावा किया गया है कि सर्वे रिर्पोट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम फैसला ले सकती है।

सूत्रों के अनुसार इसी सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। बीते सोमवार को हुई बैठक में इस पर गहन मंथन हुआ है। इस बैठक में प्रदेश संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत तमाम दिग्गज मौजूद थे। इस बैठक में यह तय किया गया कि हर विधानसभा सीट से पांच उम्मीदवारों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा जायेगा।

### आरक्षित सीटों को लेकर भाजपा की विशेष रणनीति

भाजपा इस बार विधानसभा की 28 आरक्षित सीटों पर विशेष फोकस कर रही है। इसकी वजह यह भी है कि 2019 के चुनाव में 28 आरक्षित सीटों में से सिर्फ दो में ही भाजपा को जीत मिली थी। इन आरक्षित सीटों पर जीत हासिल करने के लिये तमाम तरह के राजनीतिक हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। इन्हीं हथकंडों में से जीत के काबिल दमदार नेताओं को पार्टी में शामिल कराया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मधु कोड़ा के अलावा लोबिन हेम्ब्रम जैसे नेताओं को भाजपा में शामिल कराया गया है। संथालपरगना व कोल्हान क्षेत्र में विशेष रणनीति के तहत तैयारी शुरू की गयी है। सूत्रों के अनुसार दिग्गज आदिवासी नेताओं को हर मोर्चे पर जनसंपर्क के लिये उतारा जा रहा है। इनमें बाबूलाल मरांडी के अलावा अर्जुन मुंडा, समीर उरांव, चंपई सोरेन, दिनेश उरांव, सुदर्शन भगत, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, लोबिन हेम्ब्रोम, शिवशंकर उरांव, सुनील सोरेन, लुईस मरांडी, ताला मरांडी मुख्य हैं। इनमें से अधिकतर आदिवासी नेता विधानसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
04.09.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित	सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 56 | 12



भारत भाग्य विधाता में काम करेंगी कंगना




## न्यूज डायरी

### दिल्ली में खड़गे और राहुल गांधी से मिले सीएम हेमंत

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता राहुल गांधी से भेंट की। उनके साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने मीडिया से हमने उनसे एक शिष्टाचार मुलाकात की।

### अबुआ आवास में शिकायतों पर कार्रवाई का निर्देश

**रांची।** सीएमओ ने महत्वकांक्षी अबुआ आवास योजना में लगातार मिल रही गड़बड़ियों की शिकायत को गंभीरता से लिया है। सीएमओ ने इस संबंध में ग्रामीण विकास सचिव को पत्र भी लिखा है और शिकायतों की प्रति भी भेजी है। पत्र में नियमानुसार समुचित कार्रवाई करने और कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट 15 दिनो के अंदर मांगी है।

### मनीष रंजन को नेशनल अवॉर्ड फॉर ई-गवर्नेंस

**रांची।** झारखंड कैडर के आइएएस मनीष रंजन को नेशनल अवार्ड फॉर ई-गवर्नेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह अवॉर्ड दिया गया। मनीष रंजन को यह अवॉर्ड झार जल योजना को झारखंड में बेहतर ढंग से लागू करने के लिए दिया गया है। पेयजल विभाग के सचिव पद पर काम करते हुए मनीष रंजन ने झारखंड में झार जल योजना को लागू कराया था।

### अजय के परिजन को भाजपा ने दिया एक लाख सौंपा

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को ओरमांझी में उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ में अपनी जान गंवा चुके अजय कुमार महतो के परिजनों से से भेंट कर पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की सहायत राशि सौंपी।

### डॉ इश्तियाक के अल्ट्रासाउंड सेंटर का रजिस्ट्रेशन रद्द

**रांची।** रांची से गिरफ्तार अलकायदा के संदिग्ध आतंकवादी डॉ इश्तियाक अहमद के अल्ट्रासाउंड सेंटर मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रांची डीसी ने रद्द कर दिया है। डॉ इश्तियाक अहमद के आतंकी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर यह कार्रवाई की गयी है। रांची डीसी कार्यालय के अनुसार रांची के खलारी रोड बीजूपाड़ा, चान्हो स्थित मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है।

### झारखंड भवन के उद्घाटन समारोह में कल्पना संग हेमंत भी मांदर की थाप पर झूमे

## दिल्ली में यह भवन झारखंड का प्रतिबिंब पेश करेगी : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कनॉट प्लेस, नयी दिल्ली के बंगला साहिब रोड तमाम आधुनिक सुविधाओं से लैस नये झारखंड भवन का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को उदघाटन किया। झारखंड भवन के उद्घाटन के मौके पर राज्य की कला और संस्कृति की झलक पेश की गयी। इसमें उरांव आदिवासी नृत्य, मुंडा आदिवासी नृत्य, हो आदिवासी नृत्य, संथाली आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मांडर-नगाड़े की थाप पर पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य भी किया गया। अन्य कलाकारों के साथ सीएम हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और सांसद जोबा मांझी ने भी पारंपरिक नृत्य किया। सीएम ने इस मौके पर कहा, यह इमारत भविष्य में झारखंड सरकार और उसके प्रयासों का देश की राजधानी में एक प्रतिबिंब प्रस्तुत करेगी।

**गौरव की बात :** इस मौके पर सीएम ने कहा कि यह भवन बहुत दिनों से प्रतीक्षारत था। इसका उदघाटन हमारे लिए गौरवान्वित होने की बात है। हमारी इस नयी इमारत में नई अत्याधुनिक तकनीकी जिसमें जिम, डाइनिंग हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल और पार्किंग की विशिष्ट सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इमारत विशिष्ट तकनीक से सुसज्जित है। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग और एनर्जी एफिशिएंसी का भी विशेष ध्यान रखा गया है। (शेष पेज 11 पर)




### रांची में प्रंडलस्तरीय मंइयां सम्मान योजना कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी

## सीएम आज पांच जिलों की महिलाओं को देंगे सौगात

### रांची, खूंटी गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा की लाभुक लेंगी भाग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को रांची के नामकुम में पांच जिलों की महिला लाभुकों को सौगात देंगे। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि वितरण के लिए प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आला अधिकारियों ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल नामकुम खोजाटोली के ट्रेनिंग ग्राउंड का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस कार्यक्रम में पांच जिलों रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा के लाभुक शामिल हैं। कार्यक्रम स्थल ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली नामकुम में तीन लाख वर्ग फीट में लाभुकों के बैठने की व्यवस्था की गयी है।

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

**एक बजे से कार्यक्रम :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक निर्धारित है। प्रमंडल के पांचों जिले से आनेवाली लाभुकों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम स्थल में अलग-अलग जिले के लिए इन्क्लोजर बनाये गये हैं, जहां संबंधित जिले के अधिकारीगण, सेविका-सहायिका एवं सखी मंडल की दीदियों के निर्देश में लाभुक अपना निर्धारित स्थान ग्रहण करेंगे। हर इन्क्लोजर में लाभुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था होगी। भोजन, पार्किंग, मीडिया आदि के लिए व्यवस्था को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया। (शेष पेज 11 पर)

### सुरक्षाबलों ने 9 नक्सलियों को मार गिराया

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच चली लंबी मुठभेड़ में 9 नक्सली मारे गये। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आइजीपी) सुंदरराज पी ने मुठभेड़ के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सीमा पर जंगल में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े दस बजे दल का नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू हो गयी। आइजीपी ने बताया कि क्षेत्र में पश्चिम बस्तर मंडल इकाई से संबंधित नक्सलियों की मौजूदगी के बारे गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद बाद डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए भेजा गया था।

### कांग्रेस नेता सह बिल्डर से मांगी एक करोड़ रंगदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के नाम पर राजधानी में एक बार फिर एक बिल्डर सह कांग्रेसी नेता ईश्वर आनंद से एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है। इस संबंध में जगन्नाथपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। अमन साव गैंग के लिए काम करने वाले मयंक सिंह ने वाट्सप मैसेज और कॉल के जरिये रंगदारी मांगी है। बिल्डर आनंद को एक सप्ताह के भीतर एक करोड़ रुपये उपलब्ध करवाने की धमकी दी है। साथ ही पैसा नहीं मिलने पर हत्या करने की धमकी दी गयी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है। धमकी और रंगदारी की डिमांड से भयभीत कांग्रेस नेता ने रांची के जगन्नाथपुर थाना में एफआईआर दर्ज करवाया है। दर्ज एफआईआर में यह लिखा गया है कि अमन साव गिरोह के मयंक सिंह के द्वारा एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई। फोन और मैसेज अंतरराष्ट्रीय नंबर के माध्यम से किया गया था।

**बहुत पैसा कमाये हो :** इस धमकी भरे पत्र में गैंगस्टर अमन साव ने लिखा है कि आप लोग अपार्टमेंट का निर्माण कराकर बहुत पैसे कमा लिये हैं। अब ज्यादा नाटक मत करो और गैंग के लिए एक करोड़ रुपये का एक सप्ताह के भीतर इंतजाम कर कॉल करो।

चौथी पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च। नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः।।



स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
Feb 27,1964 - Sept 04, 2020
संस्थापक खबर मन्त्र

ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्विचारों की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे। आप जैसे अलौकिक ज्योतिर्पुंज को हम सबका शत - शत नमन।

श्रद्धानवत्
खबर मन्त्र परिवार
वन वृन्दावन कंस्ट्रक्शन परिवार

### प्रस्तावित एंटी रेप बिल बंगाल विधानसभा से पास

## रेप-हत्या मामले में दोषी को फांसी की सजा

**पुलिस को 21 दिन में पूरी करनी होगी जांच**

**दोषी के मददगारों को भी पांच साल की सजा**

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर केस से देश भर चल रहे आक्रोश, ममता सरकार पर हमला की स्थिति को देखते हुए, सीएम की पहल पर पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रस्तावित एंटी रेप बिल मंगलवार को पास कर दिया है। इस बिल के लिए एक विशेष सत्र बुलाया गया था, जिसमें इसे चर्चा और स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विधानसभा में यह बिल सर्वसम्मती से पारित किया गया। इस परस्तावित बिल में रेप और हत्या करने वाले आपराधी को मामला दर्ज होने के बाद 36 दिनों के भीतर सजा-ए-मौत का प्रावधान होगा। 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी। अपराधी के मददगारों को भी पर 5 साल की सजा होगी। सजा एसिड के मामले में भी आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। साथ ही पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ भी सख्त एक्शन लिया जायेगा। इसे अपराजिता बिल नाम दिया गया है।



### अपराजिता बिल कैसे बनेगा कानून

अपराजिता विधेयक को पारित करने की प्रक्रिया में राज्यपाल और राष्ट्रपति की मंजूरी अनिवार्य होगी। विधानसभा अब विधेयक को राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिए भेजेगा। इसके बाद, विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त करनी होगी ताकि इसे कानून का रूप दिया जा सके। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने इसे पारित कर दिया है। बंगाल सरकार इस बिल के माध्यम से इसे सशक्त बनाने की दिशा में काम करना चाहती हैं। इसका मकसद सिर्फ एक ही है, राज्य में महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे अपराध पर लगाम लगाना।

**फांसी की सजा का प्रावधान :** इस विधेयक में यौन हिंसा और हत्या के अपराधियों के लिए फांसी की सजा का प्रावधान शामिल है। विधेयक के तहत, यदि कोई व्यक्ति बलात्कार और हत्या का दोषी पाया जाता है। (शेष पेज 11 पर)

# काम में लापरवाह थानेदार पर कार्रवाई नहीं करने वाले एसपी पर भी गिरेगी गाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** काम में लापरवाह और गलत कार्य में लिप्त थानेदार पर कार्रवाई नहीं करने वाले एसपी पर गाज गिरेगी।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि अगर किसी जिले में थाना प्रभारी किसी निर्दोष को परेशान कर रहा है या किसी दोषी को पैसा लेकर छोड़ रहा है। वैसे थाना प्रभारी पर अगर उस जिले के एसपी अगर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, तो उनपर भी कार्रवाई होगी। डीजीपी बताया कि जिले के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत को उस रेंज के डीआईजी खुद देखेंगे।



## आम जन की शिकायत नहीं सुनने वाले पुलिस अधिकारी को हटाया जायेगा

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि कोई ऐसा अधिकारी जो आम जमता की शिकायत नहीं सुन रहा है और यह मामला अगर मेरे संज्ञान में आया तो उस पुलिस अधिकारी को उस स्थान से हटा दिया जायेगा। डीजीपी ने कहा कि आम जनता से यह मेरा कमिटमेंट है।

### एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थाना प्रभारी पर भी होगी

**कार्रवाई :** एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थाना प्रभारी और टालमटोल करने वाले पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में कहा गया है किआम जनता से दुर्व्यवहार और बदतमीजी करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। डीजीपी ने कहा कि विभिन्न सूत्रों से ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही कि झारखंड के कई जिलों में थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मी विशेषकर मुंशी, आम जनता से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। वे जनता की शिकायतों पर थाना में प्राप्ति रसीद भी नहीं देते हैं। जिसके चलते भुक्तभोगी भटकते रहते हैं और उन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है।

## रांची विवि के एनर्जी स्वराज यात्रा कार्यक्रम में बोले मुख्य अतिथि

# 99 प्रतिशत लोगों को पता नहीं है कि जलवायु परिवर्तन को कैसे रोकें : प्रो. चेतन सिंह सोलंकी

**हमें अवाइड, मिनिमाइज और जेनरेट पर काम करना होगा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को जलवायु परिवर्तन और सौर उर्जा विषय पर एक सार्थक चर्चा एनर्जी स्वराज यात्रा का आयोजन किया गया। यह चर्चा कार्यक्रम रांची विश्वविद्यालय आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सोलर मैन आफ इंडिया प्रो. चेतन सिंह सोलंकी थे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से बाढ़ और जंगलों में आग की वैश्विक समस्या और उसके कारणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किस प्रकार हमने धरती के वातावरण में 52 प्रतिशत अतिरिक्त कार्बन उत्सर्जन कर रखा है जिससे ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। हम प्रति सेकेंड 14 लाख किलो कार्बन उत्सर्जित कर रहे हैं। धरती का तापमान खतरनाक स्तर तक बढ़ चुका है। हमारी धरती बीमार है और यह बुखार सिर्फ वृक्षारोपण करने से नहीं रूकेगा। धरती पर कार्बन का खतरनाक स्तर तक उत्सर्जन सिर्फ हम मनुष्यों ने किया है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति शामिल हैं। हम अनावश्यक चीजों के पीछे पड़े हुये हैं और इसके लिये पृथ्वी का भयंकर दोहन कर रहे हैं वातावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं। इस पृथ्वी पर हम मनुष्य ही अकेले वो जीव हैं जो अपने ही वातावरण को बर्बाद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिये पृथ्वी का तापमान डेढ़ डिग्री से ज्यादा न बढ़े । डेढ़ डिग्री तापमान बढ़ना हमारी लक्ष्मण रेखा है। अन्यथा प्रकृति हमें बाढ़, सुखाड़, गर्मी, महामारी जैसे आपदाओं की सजा देगी। हमारे पास समय बहुत कम है।

### हमें एनर्जी पैदा करने और उसके उपयोग के पैटर्न को बदलना होगा

प्रो. सोलंकी ने कहा कि हम हर साल कौप सम्मेलन कर रहे हैं, वैश्विक तौर पर जलवायु परिवर्तन रोकने के लिये बैठकें कर रहे हैं पर जलवायु परिवर्तन रूक नहीं रहा। 99 प्रतिशत लोगों को पता नहीं है कि जलवायु परिवर्तन को कैसे रोकें। सबसे पहले हमें एनर्जी पैदा करने और उसके उपयोग के पैटर्न को बदलना होगा। प्रत्येक सेक्टर में सोलर एनर्जी का शत प्रतिशत उपयोग ही इसका निदान है।कोयले , परमाणु से ऊर्जा का उत्पादन और उसका उपयोग जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण है। जलवायु परिवर्तन हम मनुष्यों के अस्तित्व पर एक संकट है। पृथ्वी पर संसाधन सीमित है लेकिन हमारी आवश्यकतायें रोज बढ़ती जा रही हैं। हम धरती के अंदर से पानी निकाल तो रहे हैं, पर उसे कभी रीचार्ज नहीं करते। वास्तव में तो हम सभी धरती से संसाधनों की चोरी कर रहे हैं। अवाइड, मिनिमाइज जेनरेट को आज की जरूरत बताया। तभी एनर्जी स्वराज आयेगा। यह काम सरकारों के भरोसे नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को योगदान देना होगा।इस चर्चा में छात्रों ने प्रो. चेतन सिंह सोलंकी से सवाल भी पूछे और उनके सोलर बस को भी



### विवि में सोलर एनर्जी के सदुपयोग से है जीरो इलेक्ट्रिसिटी बिल, लाखों की बचत : वीसी

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य संरक्षक तथा कुलपति रांची विवि ,मुख्य अतिथि प्रो. सोलंकी, कुलसचिव डा. बी.नारायण , डीन साइंस डॉ अरूण कुमार, डॉ स्मृति सिंह ने द्वीप जलाकर किया। मौके पर आरयू के वीसी ने डा.सोलंकी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रो. डा. अजीत कुमार सिन्हा ने प्रो. सोलंकी से सभी का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि रांची विवि में हमने सोलर एनर्जी का उपयोग किया है और हमें एक रुपये भी इलेक्ट्रिसिटी बिल नहीं देना पड़ता और प्रति माह लाखों रुपए कि बचत हो रही है। हमारा देश भारत इस मायने में सौभाग्यशाली हैं कि सूर्य की रौशनी हमें प्रचुर मात्रा में मिलती है लेकिन सौर ऊर्जा के लिये हम इस प्रकृति प्रकृति प्रदत्त उपहार का सिर्फ आधा प्रतिशत ही उपयोग कर पा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डा. स्मृति सिंह ने किया। इस अवसर पर डीएसडब्यू, कुलपति, डीन साइंस, कुलसचिव, डॉ बी केसिन्हा आरयू के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, हेड डीन तथा सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

### प्रो. चेतन सिंह सोलंकी का परिचय

प्रो. सोलंकी आइआइटी मुंबई के प्रोफेसर हैं। उन्होंने एनर्जी स्वराज फाउंडेशन की स्थापना की है। प्रो. चेतन सिंह सोलंकी मध्य प्रदेश के सौर ऊर्जा के ब्रांड एंबेस्डर भी हैं। इन्हें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिये सोलर गांधी कहा जाता है। प्रो. सोलंकी आइआइटी मुंबई से अवकाश लेकर 11वर्षों से पूरे देश में सोलर यात्रा पर हैं और इस कारण वह लंबे समय से अपने घर परिवार से भी दूर हैं। उनका कहना है कि अपने अभियान की वजह से वह 2031 में ही अपने घर जायेंगे। वह अपनी सोलर बस से 56,400 किमी की यात्रा कर पौने तीन लाख लोगों से मिल चुके हैं और सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं।इनके कार्यों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सराहना की है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोलैंड एवं यूक्रेन का दौरा : भारत के लिए आशय विषयक सीयूजे में व्याख्यान आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोलैंड एवं यूक्रेन का दौराः भारत के लिए आशय विषय पर आमंत्रित व्याख्यान का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस विषय पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविध्यालय (सेंटर फॉर इंटरनेशनल पॉलिटिक्स, ऑर्गनईजेसन, डिसरमामेन्ट, सिपोड के प्रोफेसर स्वरण सिंह ने अपने विचार विभाग के अध्यापक एवं छात्रों के साथ विस्तार से साझा किया। स्वरण सिंह ने कहा कि सामरिक स्वायत्ता को वर्तमान भारतीय विदेश नीति का मुख्य आधार बताया और भारत की वैश्विक आकांक्षाओं का विस्तार से विवरण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के पोलैंड एवं यूक्रेन के दौरे की चर्चा की। अपने संबोधन में उन्होंने इन दोनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में दशार्या।

स्वरण सिंह के अनुसार भारतीय प्रधानमंत्री का पोलैंड एवं यूक्रेन का दौरा विगत जुलाई में रूस दौरे से संबंधित नहीं था। यह भारत के विदेश नीति का एक अंग था। यह दौरा भारत के उस विदेश नीति का परिचायक था, जिसमें भारत अपने विश्वगुरु और विश्वबंधुत्व जैसी वैश्विक आकांक्षाओं को उड़ान देने का प्रयास कर रहा है। श्री सिंह ने भारत के पक्ष को उद्धृत किया कि भारत कभी भी स्वयं को वैश्विक घटनाओं के प्रति निष्पक्षता न रखते हुए हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है। हमारे प्रधानमंत्री ने सभी बहुपक्षीय मंचों पर इसकी जोरदार वकालत की है कि भारत बुद्ध की धरती रहा है और हमेशा शांति के लिए कार्यरत रहा है। इसलिए भारत प्ि‍मी देशों के दवाब में कोई कूटनीतिक कदम नहीं अपनाता और सदैव अपनी संप्रभुता के अनुसार विदेश नीति को कार्यान्वित करता है।

श्री सिंह ने विश्विद्यालय के अध्यापक अशोक निमेष के विश्लेषण को संदर्भित करते हुए वर्तमान विश्व में युद्ध के बदलते आयामों एवं प्रकृति को रेखांकित किया। उन्होंने चर्चा की कि यूक्रेन एवं रूस जैसे राष्ट्र ने वैश्विक समुदाय से अपील की कि कोई भी उनके पक्ष में शामिल होकर युद्ध में पैसे लेकर अपना योगदान दे सकता है। यह युद्ध के बदलते स्वरूप का परिचायक है। उन्होंने इसकी तुलना आतंकवादी संगठनों द्वारा आतंकियों की भर्ती जैसे प्रक्रिया से किया। कहा कि फिर तो राज्य और राज्य के परे अन्य संगठनों में कोई अंतर ही नहीं रह जाएगा। चर्चा की अध्यक्षता विभाग के सहायक अध्यापक बिभूति भूषण विश्वास ने किया। इस अवसर पर विभाग के डीन, छात्र, छात्राएं एवं अन्य अध्यापक भी उपस्थित थे।

# नामकुम में आयोजत मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए रूट चार्ट जारी

**कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बुधवार 4 सितंबर को रांची के नामकुम ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर रूट चार्ट जारी किया गया।

इस कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। साथ ही मंत्री, विधायक और कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ लाखों लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें मुख्यमंत्री द्वारा लाभुकों के बीच योजना के स्वीकृति पत्र का वितरण की जाएगी। जिला ट्रैफिक कार्यालय की ओर से कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाली सभी सड़कों पर वाहनों का आवगमण अत्यधिक होने कारण आम लोगों से अपील है कि आप रांची शहर रिंग रोड से जुड़ने वाली अन्य सड़कों से जायें और कार्यक्रम स्थल की और आने वाली सड़कों का कम से कम उपयोग करें।

### विभिन्न जिलों से लाभुकों को लेकर आनेवाले वाहनों के लिए रुट चार्ट निर्धारित

लोहरदगा एवं गुमला जिला से आने वाली बसें– तिलता चौक/ ललगुटवा चौक से दाएं मुड़ कर रिंग रोड भाया दलादली चौक, तुपुदाना, खरीसदाग से बाएं मुड़ कर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।
सिमडेगा और खूंटी जिला से आने वाली बसें– तुपुदाना से दाएं मुड़ कर रिंग रोड खरसीदाग होते हुए होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।
बेड़ो, इटकी, नगड़ी एवं लापुंग प्रखंड से आने वाली बसें– ललगुटवा ओवरब्रिज से दाएं मुड़ कर रिंग रोड भाया दलादली, तुपुदाना, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।
बुढ़मू, मांडर, खलारी, चान्हो, कांके, रातू एवं ओरमांझी प्रखंड से आने वाली बसें– तिलता चौक से बाएं मुड़ कर रिंग रोड, नेवरी चौक होते हुए रामपुर, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।
बुंडू, सोनाहातू, तमाड़, राहे प्रखंड से आने वाली बसें– एनएच–33 रामपुर चौक, रिंग रोड, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।
अनगड़ा व सिल्ली प्रखंड से आने वाली बसें– टाटीसिल्वे चौक से वाया रिंग रोड, रामपुर चौक, खरसीदाग होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।

# साईं नाथ विवि ने देश के 25 प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ किया एमओयू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बुधवार को नई दिल्ली में साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति- डॉ. एस० पी० अग्रवाल ने देश के 25 प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रमोटर, शैक्षणिक नेताओं के साथ चर्चा और एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू का उदेश्य शिक्षा के क्षेत्र में शोध व नवाचार, सहयोग और साझेदारी, शिक्षा की गुणवता में सुधार, प्रशिक्षण और विकास, प्रभावी नीतियों के निर्माण, संस्थागत विकास, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक तथा निजी दोनों तरह के संस्थाओं के साथ साझेदारी को शामिल किया गया है।

इस एमओयू के अंतर्गत संकाय विनिमय, छात्र आदान-प्रदान, शैक्षणिक संसाधनों और सूचनाओं को साझा करना, कार्यक्रमों और सम्मेलनों में भागीदारी आदि के लिए भारत के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करने के लिए प्रेरित करना और सुविधा प्रदान करना है जिससे शिक्षा एवं औद्योगिक-अकादमिक संबंधों में सहयोग के एक नए युग का सूत्रपात हो सकेगा।

इस दौरान विश्वविद्यालय सार्वजनिक तथा निजी संस्थाओ तथा कम्पनियों के साथ डवन्‍ पर हस्ताक्षर किया है- इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली ,. डी वाई पाटिल इंटरनेशन यूनिवर्सिटी, महाराष्ट्र, ,. एडवेक्ट स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा , आरवीएस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, तमिलनाडु , संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा , सुशांत यूनिवर्सिटी, हरियाणा,. जेआईएस ग्रुप एजुकेशनल इनिशिएटिव्स, कोलकाता ,. एसेट चेन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, सोनेट माइक्रोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, आदि प्रमुख है।

इसक अलावे पूर्व में शत-प्रतिषत रोजगार उपलब्ध कराने, मूलभूत सुविधाओं को साक्षा और पारस्परिक सहयोग कर विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने, शैक्षणिक गुणवता में वृद्धि लाने के लिए कई प्रतिष्ठित संस्थाओ तथा कम्पनियों के साथ एमओयून पर हस्ताक्षर किया गया।

# झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के इंडियन पारा क्रिकेट प्रीमियर लीग 2024 खेलने के लिए खिलाड़ी कोयंबटूर रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत देश के प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वावधान में रांची रेलवे स्टेशन पर जोरदार तरीके से स्वागत करते हुए खिलाड़ियों को उत्साहित, प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया। इससे पूर्व दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के पदाधिकारी गण द्वारा मुख्य अतिथि चंदन तिवारी साहब को पुष्पगुच्छ देखकर स्वागत किया गया।

दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को बधाई और विदाई देने के लिए मुख्य अतिथि व्हाइट पला कार्ड के सीएमडी चंदन तिवारी, धर्मपत्नी रीमा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्टडी विथ स्मृति के निर्देशक स्मृति ऐश्वर्या एवं दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के चेयरमैन एम,एम सिद्दीकी, निर्देशक मो अतहर अली, समाजसेवी के तौर पर प्रदीप कुमार, नेहाल अहमद,औरंगजेब खान, समेंद्र लाल, शेरखान, इत्यादि मुख्य रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए विदाई दी। तमिलनाडु के कंप्यूटर में इंडियन पारा क्रिकेट लीग गैलेक्सी कब 2024 का आयोजन 6 सितंबर से लेकर 8 सितंबर 2024 तक कोयंबटूर के 22 यट्स मैदान में खेला जाना है। जो आईपीएल तर्ज पर होगा जिसका डेमो होना है। मुख्य अतिथि चंदन तिवारी ने कहा कि झारखंड राज्य से दिव्यांग खिलाड़ियों को आईपीसीएल के मैंच में तमिलनाडु में सिलेक्शन होना और खुशी इस बात की है की दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के चेयरमैन खुद एक क्रिकेट खिलाड़ी है और साथ में अतहर अली का मेहनत है रंग लाई है वहां भी अच्छा परदर्शन करने के शुभकामनाएं दिए । जिससे खिलाड़ियों को काफी ताकत मिला। वाकई चेहरे में मुस्कान देखने लायक था। गैलेक्सी कप खेलने जा रहे हैं खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार, मुदस्सर खान जामताड़ा, शोएब अंसारी देवघर, बबलू सह रामगढ़,मो नजीर अंसारी, साहिबगंज मुख्य रूप से मौजूद रहें। जो अल पूजा एक्सप्रेस से रवाना हुई।

## जिला राजद ने किया धुर्वा थाना के नये थाना प्रभारी का स्वागत



रांची। रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धुर्वा थाना परिसर में नवनियुक्त थाना प्रभारी राजकुमार वर्मा का फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि नये थाना प्रभारी के नेतृत्व में धुर्वा क्षेत्र में शांति व लोगों की सुरक्षा बहाल रहेगी। राजद नेताओं ने थाना प्रभारी को आशवस्त किया कि जब भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा करेंगे। राजद के पदाधिकारी सदैव मुस्तैद रहेंगे। थाना प्रभारी को सम्मानित करने वालों में श्री महतो के अलावा राम भगत, विजय राय, नवीन कुमार, राम प्रवेश सिंह, विशाल कुमार और चंचल कुमार शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### फुटपाथ दुकानदार संघ का प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिला



रांची। रांची के नगर आयुक्त से जवाहर लाल नेहरू बस सेवा और फुटपाथ दुकानदार संघ का प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर फूटपाथ दुकानदारों की समस्याओं और जवाहर लाल नेहरू बस सेवा के संचालन में घोर अनियमता का आरोप लगाया,और मांग किया की जो बस के कर्मचारी 2010 से लगातार कार्यरत है, उनको कर्मचारी घोषित करे और स्थाई करे। नगर निगम बस को जान कल्याण योजना के तहत संचालित करे। मनमाने भाड़ा वसूली पर रोक लगाए, कोविड काल में कार्य का भुगतान जल्द करे,और सभी कर्मचारियों को सरकारी सुविधाएं दे, श्रम न्यायालय से कर्मचारियों के हित में आए फैसले को तुरंत लागू करे। रंगरेज गली में बन रहे टॉयलेट को दूसरी जगह शिफ्ट करने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह, झामुमो के पूर्व महानगर परवक्ता जितेंद्र गुप्ता,अजीत नायक, अकबर कुरैशी, अवधेश यादव, आप के संतोष रजक, नीरज सिंह और किरण कुमारी ने किया। ,नगर आयुक्त ने जन हित में फैसला लेने की बात की कहा की आपकी मांगे जायज है।

### ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने की मांग पर आंदोलन करेगा मोर्चा : राजेश गुप्ता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ओबीसी समुदाय के आरक्षण को बढाकर 9वीं सूची में डालने और जाति जनगणना के लिए पुनः क्रमबद्ध आंदोलन करेगा। पहले चरण में राज्य के सभी सांसदों, सभी पार्टियों के अध्यक्षों को इस बाबत मांग पत्र सौंपी जाएगी और राजभवन के समक्ष 10 सितंबर को विशाल धरना का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त बातें आज प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि ओबीसी के साथ लगातार नाइंसाफी हो रही है। ओबीसी को छोड़कर सभी वर्गों को उसके जनसंख्या अनुपात में आरक्षण प्राप्त हो गया है तो फिर ओबीसी के साथ भेदभाव क्यों? जब राज सरकार ने ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर नवीं अनुसूची में डालने के लिए राज्यपाल को भेजा गया है, जिसे कार्य रूप नहीं दिया जा रहा है। हमारी मांग है कि राज्यपाल राज्य सरकार से प्राप्त ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजी जाये। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार, प्रदेश सचिव सुग्रीव यादव, वसीम अकरम, कमलेश चौधरी, कुमार श्रीराम, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

### डोरंडा थाना के पास से बाइक उड़ा ले गये चोर

**रांची।** एक ओर डीजीपी राज्य के कानून व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है। थाने मे किसी भी पीड़ित का आवेदन लेकर उस पर कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। वहीं, दूसरी ओर थाने में पदस्थापित कनीय पदाधिकारी पीड़ित के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय कहा जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में कहीं चोर दिखे तो थाना में बताइएगा। मामला डोरंडा थाना का है। जहां आये दिन डोरंडा मे बाइक चोरी कर ली जा रही है। चोरों ने डोरंडा थाना के बगल वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स(नीलम कॉम्प्लेक्स) के समीप से एक बाइक की चोरी कर ली गयी। दो सितंबर की रात 8 बजे मोहम्मद रजा की एक लाल रंग की हीरो पैशन बाईक थाना के पास से ही चोरी हो गई। पीड़ित ने डोरंडा थाना मे शिकायत दर्ज करवा दिया है। वही दूसरी घटना डोरंडा दर्जी मोहल्ला का है जहां मो तबरेज आलम की भी लाल रंग की हीरो ग्लैमर बाइक की चोरी 30 जुलाई की रात घर के बाहर से हो गयी। इस मामले में अभी तक पुलिस चोर तक नहीं पहुंच पायी है।

### बालाजी मंदिर में भौमवती अमावस्या पर हुआ विशेष अनुष्ठान



रांची। मंगलवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में भौमवती अमावस्या तिथि के विशेष उपलक्ष्य पर सर्वदेव एवं पितरों के स्वामी श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की तृप्तिकारी पूजा–आराधना की गयी। भौमवती अमावस्या के दिन उपवास करते हुये पितरों के उद्देश्य से परमगति देनेवाले परमात्मा श्रीमन्नारायण का अर्चना, नैवेद्य का भोग और हुण्डी में चढ़ावा, यह सब अक्षय होता है। इन्हीं महत्ता को माननेवाले श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ हुई। शास्त्रों में बताया गया है कि अमावस्या के दिन अपने घर, नदी किनारे, पीपल वृक्ष के समीप अथवा तीर्थ स्थान में जल– पिंड दान करने के प›ात श्रीविष्णु बालाजी के सविध पूजादि कराने वालों को धन धान्य, सुतादि और सम्पत्ति पूर्ण गृह उपलब्ध होते हैं। एक समय का भोग निवेदन रंजन कुमार झा ने किया। अर्चक– गोपेश आचार्य एवं नारायण दास ने सारे अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराना। राम अवतार नारसरिया, रमेश धरनीधरका, अनीष अग्रवाल, शारदा नारसरिया, रंजन सिंह, मुकेश टिवड़ेवाल के अतिरिक्त दर्जनों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

### खाटूनरेश का महास्नान उत्सव संपन्न

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा संचालित व निर्मित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज भौमवती अमावस्या के अवसर पर खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार खाटूनरेश का महास्नान उत्सव अनुष्ठान विविध कार्यक्रमों के भक्ति के सागर में संपन्न हुआ। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंगला आरती के बाद सभी गर्भगृहों में पर्दा लगा करके महास्नान अनुष्ठान मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा की देखरेख में प्रारंभ किया गया । गंगाजल दूध दही शहद चीनी केसर जल शुद्ध जल आदि से खाटू नरेश का महास्नान वैदिक ढंग से करवाया गया। खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया गया। इसके बाद लाल डच गुलाब पीला डच गुलाब मुर्गन लाल गेंदा पीला गेंदा बेली रंगन मोती रजनीगंधा तुलसी दल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। श्री शिव परिवार श्री हनुमान जी महाराज लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी रिद्धि सिद्धि प्राचीन तैल चित्रों व गुरुजनों के तैल चित्रों की विशेष सजावट की गयी। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि वर्ष में एक बार खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार श्याम बाबा लगभग 15 दिनों तक लगातार श्यामल रूप में रहते हैं। इस अवसर पर सुरेश सरावगी ,विश्वनाथ नारसरिया , श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली प्रवीण अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### श्याम मंडल का वार्षिक महोत्सव कल से

**रांची।** झारखण्ड की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्रीश्याम मण्डल का 57 वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव पांच से 08 सितम्बर तक धूमधाम से मनाया जायेगा। आयोजन श्री श्याम मण्डल के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा। इसे ले कर मन्दिर परिसर सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। मोहत्सव में आने वाले भक्तो की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गुरुवार को प्रातः श्री श्याम मन्दिर में श्रृंगार आरती के पश्चात मण्डल के सदस्यों श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ सुकुरहुटू गौशाला के लिए प्रस्थान करेंगे। साथ ही दोपहर 3 बजे से गांधी चौक स्थित मारवाड़ी कन्या पाठशाला में शिक्षक दिवस पर कन्या पाठशाला के शिक्षकों का सम्मान एवम बच्चियों के पाठ पढान हेतु सामग्री का वितरण किया जायेगा । वहीं शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ मन्दिर से श्री श्याम प्रभु की विराट शोभा यात्रा शुरू होगी। शोभा यात्रा में श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों का समावेश होगा । शनिवार को मोहत्सव का मुख्य कारक्रम रात 9 बजे प्रारम्भ होगा । श्री श्याम मण्डल के द्वारा आयोजित श्री श्याम मोहत्सव का सीधा प्रसारण श्री श्याम मण्डल के यू ट्यूब चैनल पर प्रसारण किया जायेगा । मंगलवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी गयी।

# रांची नगर निगम के अधिकारियों से बातचीत के बाद सुपरवाइजर की हड़ताल खत्म, सफाई कर्मियों की जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम के सफाईकर्मी के साथ ड्राइवर और सुपरवाइजर सोमवार से बेमियादी हड़ताल पर चले गये थे। हड़ताल के एक दिन बाद ही मंगलवार को सुपरवाइजर की हड़ताल खत्म हो गयी। हालांकि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। जानकारी के अनुसार नगर निगम सफाई मजदूर संघ के लोग, सफाईकर्मी और सुपरवाइजर मंगलवार की सुबह नागाबाबा खटाल स्थित वेजीटेबल मार्केट में जुटे, जहां उन्होंने निगम के अधिकारियों के साथ वार्ता की।

वार्ता में सुपरवाइजर की मांग पर सहमति बनने के बाद सुपरवाइजर ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। वहीं सफाई कर्मचारियों की मांग पर सहमति नहीं बन पायी, जिसकी वजह से उन्होंने हड़ताल जारी रखने का फैसला किया। निगम के अधिकारियों ने सुपरवाइजर और इंचार्ज के वेतन बढ़ाने का आश्वाशन दिया। वहीं हेल्पर और ड्राइवर की मांगे पूरी नहीं हुई है।

बता दें कि रांची नगर निगम के सफाईकर्मी के साथ ड्राइवर और सुपरवाइजर सोमवार से बेमियादी हड़ताल पर चले गये थे। 3200 सफाई कर्मी के हड़ताल पर जाने से राजधानी रांची में लोगों के घरों से कचरे का उठाव नहीं हुआ था। कचरा उठाव नहीं होने से शहर में सोमवार को चारों ओर गंदगी फैल गयी थी।

**नगर निगम के कर्मियों की ये हैं मांगे**

- 10 साल या उससे अधिक समय से काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने
- सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर, ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर व कार्यालय सहायक के वेतन में 30 प्रतिशत की वृद्धि करने
- परिवहन भत्ता को 1000 से 3000 रुपये करने की मांग
- समान कार्य का समान वेतन, अनुकंपा पर बहाली समेत अन्य मांग

# सशक्त सेना समृद्ध भारत प्रदर्शिनी का आयोजन 6 से 8 सितम्बर तक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय सेना रांची के मोराबादी मैदान में 06 से 08 सितम्बर तक तीन दिवसीय सशक्त सेना समृद्ध भारत प्रदर्शिनी का आयोजन कर रही है। इस आयोजन का उद्देश्य नागरिक समाज और सशस्त्र बलों के बीच संबंधों को मजबूत करना और राष्ट्र के युवाओं को प्रेरित करना है। इसमें कई नागरिक और सैन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन सभी के लिए खुला होगा और नागरिकों को अपनी सेना के बारे में जानने और उनसे बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा। इस आयोजन में विभिन्न सैन्य हथियारों और उपकरणों की व्यापक प्रदर्शनी होगी। दर्शकों को एरियल डिस्प्ले, डेयरडेविल मोटरसाइकिल शो, डॉग शो और हॉट एयर बैलूनिंग के रोमांचक कार्यक्रमों से मनमोहित किया जायेगा। युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने की प्रक्रिया और उसके बाद के जीवन के बारे में मार्गदर्शन के लिए प्रेरक स्टाल भी होंगे।

## राज्यपाल से कई विशिष्ट लोग मिले

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री यशवंत सिंह एवं अन्य ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। वहीं उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग की कमिश्नर सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की प्रभारी कुलपति सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलने वालों में 23 इंफेंटरी डिविजन के वीएसएम मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर भी रहे। वहीं विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने राज भवन में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इधर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

**मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतिम प्रकाशन को लेकर बैठक**

# अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची की जांच कर लें, किसी का नाम तो नहीं छूटा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतिम प्रकाशन को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन से सर्बंधित विषयों पर चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची जिलांतर्गत पड़नेवाले सभी सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर दिनांक 27.08.2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि दिनांक 27.08.2024 को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची की जांच कर लें तथा किसी भी योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया हो या किसी का नाम त्रुटिपूर्ण या किसी का नाम विलोपित हो गया हो तो वैसे नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़वा लें।

बता दें कि दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए दिनांक 25.07.2024 को प्रकाशित मतदाता सूची में पुरुष मतदाता 1273815, महिला मतदाता 1268183 एवं तृतीय लिंग 73 कुल 25,42,071 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। बैठक के दौरान नये मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर विस्तृत प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आपेक्षित सहयोग का अनुरोध किया गया।

सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित दिनांक 15.09.2024 से ईवीएम डेमोस्टेज्शन सेंटर एवं मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपैट से संबंधी जागरूकता अभियान से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के परिचालन एवं जागरूकता कार्यक्रम में पर्याप्त सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, के निर्देश पर विधानसभा चुनाव को लेकर ईसीआईएल मेक एम-3 मॉडल बीयू, सीयू और वीवीपैट का एफएलसी का कार्य दिनांक 27.08.2024 प्रारंभ किया गया है। एफएलसी का कार्य बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी अवस्थित वेयर हाउस में किया जा रहा है, जिसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों एफएलसी कार्य समाप्ति तक प्रतिदिन उपस्थित होने का अनुरोध किया गया।

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या:- 06/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-03.09.2024**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA /18/2024-25 | प्रखण्ड मरकच्चो अंतर्गत ग्राम पंचायत चोपनाडीह में बैंक ऑफ इंडिया मोड़ आर0डब्लयू0डी0 रोड से डेंगन राणा के घर तक एवं गायत्री चेतना केन्द्र से राधा कृष्ण मंदिर एवं पूरब नाला होते हुए आर0ई0ओ0 रोड के पुल तक पथ का निर्माण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0) | 2,27,81,400/- | दो करोड़ सताईस लाख एकासी हजार चार सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 2. | RWD/KODERMA /19/2024-25 | प्रखण्ड मरकच्चो अंतर्गत मरकच्चो थाना के बगल से चंचाल मण्डप होते हुए पपहरा रोड तक पथ का निर्माण कार्य। (लं0–2.100 कि0मी0) | 2,37,36,700/- | दो करोड़ सैंतीस लाख छत्तीस हजार सात सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 3. | RWD/KODERMA /20/2024-25 | प्रखण्ड डोमचांच अंतर्गत ग्राम पंचायत मधुबन भाया ग्राम सिमरिया का अम्बेदकर भवन होते हुए मेन रोड सेरोन तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.020 कि0मी0) | 1,17,64,700/- | एक करोड़ सतरह लाख चौसठ हजार सात सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 4. | RWD/KODERMA /21/2024-25 | प्रखण्ड डोमचांच अंतर्गत ग्राम भेलवाटांड़ मे राजु यादव के घर से देवी मण्डप एवं श्मशान घाट होते हुए उत्क्रमित विद्यालय धरबरियाबर तक पथ का निर्माण कार्य (लं0–1.020 कि0मी0) | 1,12,37,900/- | एक करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 5. | RWD/KODERMA /22/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवा अंतर्गत मध्य विद्यालय अम्बाबाद से यू0एम0एस0 विद्यालय पोतुडीह तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.250 कि0मी0) | 1,45,40,800/- | एक करोड़ पैंतालीस लाख चालीस हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| 6. | RWD/KODERMA /23/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवा अंतर्गत पंचायत कोठियार आर0ई0ओ0 रोड से धुरशाही तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–3.100 कि0मी0) | 3,39,92,900/- | तीन करोड़ उनचालीस लाख बानवे हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–20.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–23.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.334557 Rural Work Department(24-25):D

## कडरू में बनेगा एक किमी लंबा दूसरा आरओबी, जल्द तैयार होगा डीपीआर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के कडरू में नया रेल ओवर ब्रिज बनेगा। राज्य सरकार के निर्देश पर पथ निर्माण विभाग ने इसके लिए कवायद प्रारंभ की है। यह रेल ओवर ब्रिज वर्तमान कडरू ओवर ब्रिज के अलावा बनाया जायेगा। इस आरओबी की लंबाई एक किमी होगी। इससे बनने से कडरू से डोरंडा की ओर जाने के लिए एक और विकल्प मिलेगा। इंजीनियरों ने बताया कि इसका डिजाइन व रूपरेखा तैयार करने की कार्रवाई प्रारंभ की गयी है।

कंसलटेंट की तलाश की जा रही है, टेंडर निकला है। कंसलटेंट के चयन होते ही 10 दिनों में ही डिजाइन पर काम प्रारंभ किया जायेगा। सूत्रों का कहना कि मत्स्य विभाग के कार्यालय के आसापस से ही यह ब्रिज बनेगा। डिजाइन तैयार होने के बाद रेलवे के अधिकारियों से भी इस पर चर्चा की जायेगी। सभी सहमति मिलने के बाद सरकार से कडरू में नये ओवर ब्रिज निर्माण के लिए स्वीकृति देकर काम प्रारंभ कराया जायेगा।

## विद्यार्थियों को साइबर अपराध और बचाव की मिली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, जाहेर ब्रांबे, रांची में मंगलवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर एसबी चौधरी, राहुल कुमार मिश्रा, एसएचओ राहुल कुमार और पिंकी कुमारी इंचार्ज महिला पुलिस उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को साइबर से होने वाले अपराध तथा उनसे बचाव की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी शिकायत तुरंत नजदीकी पुलिस अधिकारी से करनी चाहिए। पिंकी कुमारी ने छात्राओं को अनजान व्यक्तियों से अपनी पहचान को नहीं बताने, गुड टच, बैड टच आदि भावों की जानकारी दी।

मौके पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय अंबुज कुमार झा ने बच्चों को कृष्ण जी की कहानी के माध्यम से जागरूक किया। शिक्षकों में अरविंद कुमार पांडे, ज्योत्सना झा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। प्रधानाचार्या डॉ रोमी झा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## पहाड़ी मंदिर की सुरक्षा को लेकर संजय सेठ ने सीएम को लिखा पत्र

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर पहाड़ी मंदिर परिसर की मजबूत घेराबंदी का आग्रह किया है। उन्होंने पहाड़ी मंदिर के संरक्षण, संवर्द्धन और अतिक्रमणमुक्त करने को कहा है। सीएम को कहा है कि भारत में ऐसे बहुत कम स्थान हैं, जिनका धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। ऐसे ही स्थानों में है रांची का पहाड़ी मंदिर। हिमालय से भी पुरानी इस पहाड़ी पर साक्षात भगवान शिव का वास है। यहां आदिवासी समुदाय से जुड़े बंधु भी पूजा करते हैं। इनके पाहन यहां पूजा करवाते हैं। सबसे बड़ा ऐतिहासिक महत्व यह है कि कई स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी की सजा दी गयी है। इसलिये इसे फांसी टुंगरी के नाम से भी जानते हैं। उन्होंने कहा है कि वर्तमान समय में इस पहाड़ी की स्थिति बहुत जर्जर हो चुकी है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद नीतिश प्रियदर्शी ने कई बार इस मुद्दे पर रिपोर्ट की है।

# सजायाफ्ता पीएलएफआइ का जोनल कमांडर जेठा कच्छप व सनातन स्वासी का आजीवन कारावास का फैसला निरस्त

**खूंटी में मनोज महतो हत्याकांड मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खूंटी में मनोज महतो हत्याकांड के सजायाफ्ता पीएलएफआइ का जोनल कमांडर जेठा कच्छप और एक अन्य सजायाफ्ता सनातन स्वासी की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने दोनों सजायाफ्ता की अपील को स्वीकृत कर लिया है। साथ ही निचली अदालत द्वारा उन्हें सुनाए गए आजीवन कारावास की सजा के आदेश को निरस्त कर दिया। पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद पूर्व में मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

अपील पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि जेठा कच्छप के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का प्रमुख सदस्य है। बता दे कि 8 अक्टूबर 2011 में खूंटी बाजार में मनोज महतो की हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर खूंटी के कर रहा थाने में कम संख्या 64/ 2011 दर्ज की गई थी। खूंटी की निचली अदालत ने मनोज महतो हत्याकांड में 7 मई 2022 को जेठा कच्छप एवं सनातन स्वासी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ इन्होंने झारखंड हाई कोर्ट में अपील दायर की थी।

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
## (जिला नीलाम पत्र शाखा)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीलाम पत्र शाखा समाहरणालय भवन, चतरा द्वारा निम्नलिखित बकायेदारों को नोटिस दिये जाने के बावजूद निर्धारित तिथि को उन्होंने न ही अपना पक्ष रखा और न ही बकाया राशि जमा किया गया।

अतः आदेश दिया जाता है कि निम्नलिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर (कॉलम 7) जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा उनके विरूद्ध राशि वसूली की धारा–038 के तहत नियमानुसार वारंट निर्गत कर राशि वसूली की जायेगी। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बकायेदारों की होगी।

| क्र. स. | नाम | वाद संख्या | राशि | बैंक | पूर्व में निर्धारित तिथि | अगली निर्धारित तिथि समय–11:30 पूर्वाह्न |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | श्रीमति कंचन कुमारी, पति–श्री सतीश कुशवाहा | 1932 / 21–22 | 6,24,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, शहरजाम | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 02 | श्रीमति सुनिता कुमारी, पति–श्री प्रमोद कुमार | 1933 / 21–22 | 5,76,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 03 | श्री सीता देवी, पिता–श्री कैलेश्वर सिंह | 1944 / 21–22 | 9,24,000 / – | एबीआई कान्हाचट्टी | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 04 | श्रीमति रवीना देवी, पति–श्री राजेन्द्र राम | 1945 / 21–22 | 6,000,00 / – | झा0 राज्य ग्रा0 बैंक, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 05 | श्रीमति रवीना देवी, पति–श्री राजेन्द्र राम | 1947 / 21–22 | 8,04,000 / – | झा0 राज्य ग्रा0 बैंक, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 06 | श्रीमति अनीता देवी, पति–श्री प्रभु पाण्डेय | 1949 / 21–22 | 6,000,00 / – | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 07 | श्रीमति सुचिता देवी, पति–श्री महेन्द्र कुमार | 1950 / 21–22 | 24,84,000 / – | पंजाब नेशनल बैंक चतरा। | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 08 | श्री दिलिप दास, पिता–श्री शिवनंदन दास | 1968 / 21–22 | 5,40,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 09 | श्रीमति अनिता देवी, पति–श्री रूपचंद प्रजापति | 1973 / 21–22 | 9,60,000 / – | झा0 राज्य ग्रा0 बैंक, प्रतापपुर | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 10 | श्रीमति रेणु देवी, पति–श्री मुन्ना पासवान | 1975 / 21–22 | 5,40,000 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 11 | श्रीमति बिनती देवी, पति–श्री बंधु रविदास | 1992 / 22–23 | 17,40,000 / – | आईडीबी आई बैंक,चतरा | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 12 | श्री लक्ष्मण कु0 घांसी, पति–श्री दशरथ घांसी | 196 / 19–20 | 2,93,486 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा, | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 13 | श्री अनिल कुमार सिंह, पति–बृजनन्दन सिंह | 114 / 17–18 | 33,85,561 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 14 | श्री रजनीकांत कु सिंह, पिता–सत्येन्द्र कुमार सिंह | 92 / 17–18 | 11,53,580 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 15 | श्रीमति आसिया खातुन, पति–मो0 शमीम अहमद | 362 / 17–18 | 12,98,807 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 16 | श्री कमलेश प्रजापति, पिता–श्री जवाहर प्रजापति | 123 / 18–19 | 9,74,479 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 17 | श्री सियाराम सिंह, पिता–श्री अर्जुन सिंह | 115 / 17–18 | 5,83,965 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 18 | राम रंजन व श्याम सुन्दर शर्मा | 124 / 17–18 | 7,15,517 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 19 | श्रीमति अनिता कुमारी, पति–श्री मनीष कुमार | 363 / 17–18 | 1,60,255 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 20 | श्रीमति अनिता कुमारी, पति–श्री मनीष कुमार | 365 / 17–18 | 83,784 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 21 | श्री संतोष कुमार सिंह, पति–राजमोहन सिंह | 135 / 17–18 | 6,39,813 / – | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 10.07.2024 | 11.09.2024 |
| 22 | श्रीमति मनीषा कुजूर, पति–श्री कृष्णा उरांव | 199 / 17–18 | 2,41,560 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 23 | मो0 इम्तियाज, मो0 मुस्लिम राय | 198 / 17–18 | 85,468 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 24 | श्री चिन्तामनी साहू, पिता–श्री रामप्योर साहू | 09 / 18–19 | 3,55,765 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 25 | श्री सूरज प्रकाश, पिता–श्री डिल्लु राम | 1925 / 21–22 | 10,80,870 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 26 | श्री दयानंद दास, पिता–श्री पदारथ दास | 1921 / 21–22 | 5,47,114 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 27 | मो0 परवेज, पिता– मो0 जलील | 1923 / 21–22 | 5,17,521 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 28 | श्री रविन्द्रनाथ सिंह, पिता–श्री जय नारायण दास | 2006 / 23–24 | 6,91,186 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 29 | बसंत कुमार साव, पिता–श्री सुखदेव साव | 2003 / 23–24 | 9,75,256 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 30 | उपेन्द्र कुमार यादव, पिता–श्री बालेश्वर यादव | 01 / 18–19 | 7,61,224 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 31 | सुरेश कुमार साव, पिता–श्री अर्जुन साव | 03 / 18–19 | 6,38,067 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 32 | सुनील कुमार घांसी, पिता–श्री निर्मल घांसी | 195 / 19–20 | 3,86,039 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 33 | श्री सुखदेव साव, पिता– स्व0 जीवन साहु | 198 / 19–20 | 7,51,309 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 34 | श्री धनेश्वर विश्वकर्मा, पिता–श्री दशरथ विश्वकर्मा | 194 / 19–20 | 2,55,893 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 35 | श्री बिनय कुमार, पिता–श्री नरेश दास | 189 / 19–20 | 1,82,651 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 36 | श्री इन्द्रदेव प्र0 यादव, पिता–श्री नेमधारी यादव | 05 / 18–19 | 1,68,023 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 37 | श्री मंगल कुमार, पिता–श्री बिरजु साव | 06 / 18–19 | 87,697 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 38 | मो0 मुस्ताक, पिता– मो0 मुमताज | 07 / 18–19 | 3,68,387 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |
| 39 | सूरज कुमार राम, पिता–श्री हिरामन राम | 08 / 18–19 | 5,51,331 / – | बैंक ऑफ इंडिया, टण्डवा | 27.07.2024 | 12.09.2024 |

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
चतरा

PR 334491 District (24-25)_D

# अगस्त में कोयला उत्पादन में 11.9 प्रतिशत की आयी कमी

**कोयला उठाव भी 0.7 करोड़ टन घटा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** उत्पादन की दृष्टि से कोल इंडिया के लिए अगस्त का महीना कुछ बेहतर नहीं रहा। कोल इंडिया ने बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को जो जानकारी दी है, उसके अनुसार, अगस्त महीने में न सिर्फ कोयले के उत्पादन में कमी दर्ज की गयी है, बल्कि पहले से निकाले गये कोयले के उठाव में भी कमी आयी है। आंकड़े के मुताबिक, कोयले के उत्पादन में 11.9% की कमी आयी है, जबकि उठाव 5.21 करोड़ टन रहा। वहीं एक साल पहले अगस्त 2023 में कोयले का उठाव 5.91 करोड़ रहा था। हालांकि कंपनी ने पिछले साल की तिमाही के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के बीच ज्यादा उत्पादन किया है। पिछले साल की पहली तिमाही में 28.15 करोड़ टन कोयला का उत्पादन हुआ था, जबकि इस साल पहली तिमाही में 29.04 करोड़ टन कोयला उत्पादन हुआ है। बीएसई को दी गयी सूचना के मुताबिक, अगस्त महीने में कोयले का उत्पादन 4.61 करोड़ टन हुआ है। जबकि अगस्त 2023 में 5.23 करोड़ टन कोयला का उत्पादन हुआ था। पिछले साल अगस्त माह में 5.91 करोड़ टन कोयले का उठाव किया गया था, जबकि इस साल 5.21 लाख टन कोयला का ही उठाव किया जा सका। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया ने लक्ष्य 78 करोड़ टन रखा था, लेकिन 77.36 करोड़ टन कोयला का ही उत्पादन किया जा सका था।

## लॉग डाटा एनालिटिक्स में लाया जा है बदलाव

**रांची।** व्यवसायों की डिजिटल टेक्नोलॉजी पर बढ़ती निर्भरता के साथ, लॉग डाटा की मात्रा और जटिलता भी बढ़ती जा रही है। लॉग मैनेजमेंट समाधान, अक्षमता और लागत बढ़ रही है। लॉग एनालिटिक्स आधारित स्टार्टअप, पर्सिएबल, स्टोरेज और विश्लेषण आधारित चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभूतपूर्व दृष्टिकोण के साथ सामने आया है। कंपनी ने 23 करोड़ की राशि सीड फंडिंग राउंड में रेज की। स्टार्टअप क्लाउड आधारित संरचना, व्यापकता, विश्वसनीयता और फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है, जो इसे प्रदर्शन से समझौता किये बिना वर्कलोड को संभालने में सक्षम बनाता है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा अधिसूचना सं.: सीएटीजी-मिल्कस्टॉल-5-आरएनसी-5, दिनांक: 02.09.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार है: **कैटरिंग यूनिट:** मिल्क स्टॉल- 5; **स्टेशन:** रांची। **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 4/5। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य (अनंतिम):** रु. 47,226; **बयाना राशि:** रु. 12,300; **निविदा की कीमत:** प्रत्येक कैटरिंग युनिट के लिए निविदा हेतु रु. 2,500 साथ में 18% जीएसटी। **संविदा की अवधि:** 5 वर्ष। (1) सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित 02.09.2024 के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज दिनांक 02.09.2024 से 24.09.2024 तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा तथा वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। (3) बोलियां दिनांक 02.09.2024 से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती हैं। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 24.09.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक है तथा दिनांक 24.09.2024 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएंगी। (PR-553)

CCL Fuelling Sustainable Growth
**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**),सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# विकास दर में गिरावट

अप्रैल और जून 2024 के बीच की अवधि में जीडीपी की वास्तविक सालाना वृद्धि 6.7 फीसदी रही। इसे गिरावट के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि पिछली तिमाही में जीडीपी में सालाना 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में यह 8.2 फीसदी अधिक थी। ताजा आंकड़े अनुमान से कम हैं क्योंकि रिजर्व बैंक ने समान अवधि में वृद्धि के 7.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। यह सवाल स्वाभाविक तौर पर पूछा जाएगा कि क्या रिजर्व बैंक का 7.2 फीसदी सालाना वृद्धि का अनुमान हासिल हो सकेगा या नहीं? बहरहाल, अभी यह अनुमान लगाना बहुत आसान होगा कि हम वृद्धि की गति पूरी तरह खो चुके हैं। आंकड़ों की गहराई से पड़ताल कुछ आशाएं जगाती है कि इन अनुमानों को हासिल किया जा सकता है। सकल मूल्यवर्धन में इजाफा हुआ है। जीडीपी के दो सबसे प्रभावी घटक जिनकी वजह से तुलनात्मक मंदी आई है, वे हैं सरकारी व्यय और कृषि। इन दोनों के लिए क्षेत्रवार मुद्दे हैं। यह चुनावी साल था और यह संभव है कि आदर्श आचार संहिता ने सरकारी व्यय को उन सप्ताहों में प्रभावित किया हो जब चुनाव प्रचार चल रहा था। जीडीपी में सरकारी व्यय की खपत इस तिमाही में एक अंक में रह गई। अनुमान के मुताबिक अब जबकि सरकार बन चुकी है और पूरे वर्ष का बजट भी पेश किया जा चुका है तो सरकारी व्यय भी सामान्य हो जाएगा। विशुद्ध कर वृद्धि भी इस तिमाही में कम रही। इसमें सालाना 4.1 फीसदी की धीमी वृद्धि दर्ज की गई। यह आकलन 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर किया गया। 2023-24 में समान तिमाही में यह वृद्धि 7.9 फीसदी थी। कृषि अवश्य मॉनसून पर निर्भर है। अगस्त के महीने में हमें कुछ अतिरिक्त बारिश देखने को मिली लेकिन मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि सितंबर में सामान्य बारिश होगी।

# जातीय जनगणना के तर्क

जातीय जनगणना के प्रस्ताव के समर्थकों का कहना है कि पिछली जातीय जनगणना सन 1931 में हुई थी जब देश औपनिवेशिक शासन के अधीन था। स्वतंत्रता के बाद देश की नीतियों में समानता और सामाजिक न्याय का आधार यही है। इसने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में चले आ रहे भेदभाव को समाप्त करने की जमीन तैयार की। इस नजरिये से देखा जाए तो मौजूदा दौर में भारतीय समाज की जातीय स्थिति यदि स्पष्ट हो तो निर्णय प्रक्रिया को बेहतर और कम विवादास्पद बनाया जा सकता है। कम से कम सामाजिक नीतियां तैयार करने में यह सहायक होगा। जातीय जनगणना के मामले में पहली बाधा व्यावहारिक है। दशक में एक बार होने वाली जनगणना में पहले ही काफी देर हो चुकी है। उसका प्रारूप और सॉफ्टवेयर दोनों तैयार हैं इसलिए इसमें नया तत्त्व शामिल करने से देरी बढ़ेगी। दूसरी दिक्कत यह है कि जातीय समीकरण को लेकर सटीक जानकारी कमोबेश अन्य सरकारी आंकड़े जुटाने की कवायद से जुटाई जा सकती है। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ)। यह भी स्वीकार करना होगा कि जनगणना के उलट एनएसएसओ के आंकड़े सर्वे आधारित हैं। जनगणना देश में मौजूद हर व्यक्ति की गिनती करती है। एनएसएसओ के जातीय आंकड़े मंडल आयोग की सन 1980 में आई रिपोर्ट से बहुत मिलते हैं। देश में मौजूदा आरक्षण नीति की बुनियाद वही रिपोर्ट है। जातीय जनगणना से दूरी बनाकर रहने की सबसे बड़ी वजह भारत की जातीय राजनीति की कमियों में निहित है। चाहे जो भी नई जनगणना का आधार हो राजनीतिक लाभ की इच्छा नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे केवल जातिवाद को ही बढ़ावा मिलेगा। यहां दो मसले हैं: सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों की जटिलता और उनका एक दूसरे पर आरोपित होना।

# यौन दुष्कर्म के मामले और राष्ट्रपति की चिंता





**-डॉ विशेष गुप्ता**

> राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है।

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर की अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शर्मनाक घटना पर राष्ट्रपति की पीड़ा ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बहुत दर्द भरे शब्दों में कहा कि मैं निराश और भयभीत हूं। 09 अगस्त को कोलकाता में हुई इस दर्दनाक घटना के बाद उनका यह पहला बयान है। उन्होंने स्पष्ट लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं देता। देश के साथ-साथ उन्होंने भी आक्रोशित होते हुए कहा कि जिस समय छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे थे, ऐसे समय भी यौन पिपासु लोग अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए थे। उन्होंने दिसम्बर 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ बच्चों ने मुझसे बड़ी मासूमियत से इस घटना के बारे में पूछा, मगर क्या उन्हें ऐसी घटना आगे घटित न होने का भरोसा दिया जा सकता है। निश्चित ही इस समय महिला उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर समाज को ईमानदार और निष्पक्ष रहकर आत्ममूल्यांकन करने की महती आवश्यकता है।

राष्ट्रपति महोदया के बयान के आलोक में यदि महिला उत्पीड़न से जुड़ी हालिया घटनाओं का मूल्यांकन करें तो ज्ञात होता है कि अभी हाल ही में कोलकाता में डॉक्टर के साथ किए गए यौन व्यभिचार से देशभर में फैले आक्रोश और प्रदर्शनों के बीच विधायिका की बदरंग तस्वीर भी सामने आयी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ओर से जारी हालिया रिपोर्ट में 16 वर्तमान सांसदों और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध में मुकदमें दर्ज हैं। इतना ही नहीं बल्कि दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। खास बात यह है कि बंगाल के जनप्रतिनिधि ऐसे मामलों का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। उधर, हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद केरल के फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण का मामला आजकल चरम पर है। बदलापुर, महाराष्ट्र में अबोध बच्चियों का त्रासद प्रकरण, असम में 14 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं तो हमारी आंखों के सामने ही हैं। इनके अलावा प्रतिदिन समाचार पत्रों में यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाओं की बड़ी संख्या से गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है, निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। यही वजह है कि देश में यौन हिंसा की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को रोकने के सभी उपाय निष्फल होते दिख रहे हैं। देश-विदेश के स्तर पर जो भी रिपोर्ट सामने आ रही है, उनमें भी यौन हिंसा के बढ़ते ग्राफ को लेकर चिंता साफ झलक रही है। कहना न होगा कि बलात्कार जैसी घिनौनी वारदातों से न केवल देश बल्कि विदेशों तक में अपनी साख को बट्टा लग रहा है। देश में ऐसी घटनाओं का लगातार बढ़ना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है।

यौन उत्पीड़न की अधिकांश घटनाएं आज कानूनविदों और समाजशास्त्रियों को नए सिरे से सोचने को मजबूर कर रही हैं। इस संदर्भ से जुड़े कुछ और आंकड़े खुलासा करते हैं कि भारत में यौन उत्पीड़न के मामले में लगभग 93 फीसदी दोषी पीड़िता के ही परिचित होते हैं। इन आंकड़ों की तकलीफ देय तस्वीर यह है कि 31 फीसदी यौन हिंसा और छेड़खानी में पीड़ित लड़कियों की उम्र 14 साल से भी कम रही है। मामला चाहे महिला छेड़छाड़ का हो अथवा यौन हिंसा का, इन सभी घटनाओं को अब किसी एक सामाजिक पैमाने से नहीं मापा जा सकता। आज इसके गहन अध्ययन के लिए एक बहुआयामी वस्तुनिष्ठ मापनियों की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन फिर भी लगातार बढ़ती यौन हिंसा की इन घटनाओं पर कम से कम एक हालिया सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दृष्टिपात करना जरूरी हो जाता है।

इसमें कोई शक नहीं कि सूचना तकनीक ने आज की दुनिया में खलबली मचा दी है। गांवों से लेकर महानगरों तक मोबाइल और इंटरनेट ने बच्चों, युवाओं और महिलाओं के बीच अपना पूरा दखल बना लिया है। असल स्थिति यह है कि आप सड़क के किनारे तक से सस्ते से सस्ता इंटरनेट सिम खरीद कर पूरी दुनिया की अच्छी-बुरी सैर कर सकते हैं। यहां तक कि प्रचुर मात्रा में पोर्न साहित्य तक भी इन्हीं सिम में कैद है। कोलकाता से जुड़ी घटना में अभियुक्त भी इस पोर्न का ही आदी पाया गया है। दूसरी ओर संयुक्त परिवार के टूटने और छोटे परिवारों में मां-बाप और बच्चों के बीच बढ़ती दूरी और संवादहीनता ने टीनएजर्स के बीच सोशल मीड़िया के रुप में संवाद का एक नया नेटीजन पीयर ग्रुप पैदा कर दिया है। ध्यान रहे यह नेटीजन समूह ही उनके हर तरीके के सुख-दुख और अच्छे बुरे में पूरी तरह हमसाज है। मां-बाप को इस सच्चाई को समझने की फुर्सत ही नहीं है कि पोर्न उनके बच्चों के बेडरूम तक पहुंच गया है। उल्टे वे इस सच्चाई से दूर भाग रहे हैं। सच तो यह है कि पोर्न का प्रभाव ही यौन सबंधों के ढांचे को नई यौन प्रयोगशाला में रूपान्तरित कर रहा है। बढ़ते यौन आवेग के पीछे कहीं न कहीं इस मुद्दे को भी समाहित करना समीचीन होगा।

दूसरी ओर इस संदर्भ में यह भी देखने में आ रहा है कि आज सबसे अधिक हिंसा उन लड़के-लड़कियों पर हो रही है, जो या तो घर से बाहर रह रहे हैं अथवा वे समाज के कमजोर सामाजिक-आर्थिक वर्ग से आते हैं।

**कई** राज्यों में कुल न्यायिक अधिकारी की संख्या में महिलाओं की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। मैं आशा करती हूं कि न्यायपालिका से जुड़े सभी लोग महिलाओं के विषय में पूर्वाग्रहों से मुक्त विचार, व्यवहार और भाषा के आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

**-द्रोपद्री मुर्मू , प्रेसिडेंट**

## रोचक ट्वीट

**कुछ** दिनों पहले दिल्ली में एक सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ डीटीसी कर्मचारियों से संवाद कर उनके दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली।न सामाजिक सुरक्षा, न स्थिर आय और न की स्थाई नौकरी।

**-राहुल गांधी, सांसद,कांग्रेस**





**केंद्रीय** कैबिनेट ने कृषि विज्ञान केंद्रों को मजबूत करने के लिए 1,202 करोड़ के परिव्यय को मंजूरी दी है। किसान को विज्ञान से जोड़ने तथा खेत तक नई तकनीक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। **-शिवराज सिंह चौहान ,केन्द्रीय कृषि मंत्री**

## खास बात

# शिव की भुजाओं की पूजा

तुंगनाथ मंदिर उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। तुंगनाथ सबसे ऊंचाई पर बना शिव मंदिर है। इस मंदिर में भगवान शिव की भुजाओं की पूजा होती है। हर साल वैशाखी के पर्व पर तुंगनाथ के मंदिर के कपाट खुलते हैं और दीपावली के बाद छह महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं।

उत्तराखंड में भगवान शिव के पांच प्रमुख मंदिरों को पंचकेदार के नाम से जाना जाता है। इनमें बाबा केदार यानी केदारनाथ के बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन इसके अलावा चार और केदार हैं। पंचकेदार में केदारनाथ, तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मध्यमहेश्वर और कल्पेश्वर महादेव शामिल हैं। शिव जी की भुजाओं की पूजा तुंगनाथ में, मुख की पूजा रुद्रनाथ में, नाभि की पूजा मध्यमहेश्वर में, बाल की पूजा कल्पेश्वर में और बैल के कूबड़ की पूजा केदारनाथ में होती है।

तुंगनाथ सबसे ऊंचाई पर बना शिव मंदिर है। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित यह मंदिर समुद्र तल से लगभग 3690 मीटर की ऊंचाई पर है। इस मंदिर में भगवान शिव की भुजाओं की पूजा होती है। हर साल वैशाखी के पर्व पर तुंगनाथ के मंदिर के कपाट खुलते हैं और दीपावली के बाद छह महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं। शीतकाल के दौरान, तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के बाद, पूजा-अर्चना मार्कण्डेय मंदिर, मक्कू मठ में की जाती है। इस मंदिर में मक्कू गांव के पुजारी पूजा-अर्चना करते हैं। स्कन्द पुराण के केदारखंड के अध्याय 50, श्लोक 16 में इस मंदिर के महत्व के बारे में बताया गया है। इसके अनुसार, भगवान शिव तुंगनाथ के महत्व के बारे में कहते हैं कि जो व्यक्ति एक बार भी तुंगक्षेत्र का दर्शन करता है, उसे मृत्यु के बाद सद?्गति प्राप्त होती है। इसके अलावा, जो व्यक्ति तुंगनाथ के माहात्म्य को पढ़ेगा अथवा सुनेगा, उसे समस्त तीर्थों की यात्रा करने का फल मिलेगा।

मान्यता के अनुसार जिन-जिन स्थानों पर भगवान शिव पांडवों से छिपे उन स्थानों पर पंच केदार स्थित हैं। यह भी मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए यहीं पर तपस्या की थी। एक और मान्यता है कि भगवान राम ने यहां कुछ क्षण एकांत में बिताया था।

# प्रेम की यात्रा

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

भक्ति कोई शास्त्र नहीं है। भक्ति तो सच्ची श्रद्धा युक्त सच्चे प्रेम की एक यात्रा है जो स्वांसों के सत्य पथ पर चलते हुए हृदय सम्राट की मंजिल तक पहुंचती है। भक्ति कोई सिद्धांत भी नहीं है, भक्ति तो जीवन का रस है। भक्ति को समझकर आज तक कोई समझ नहीं पाया। भक्ति में डूबकर ही कोई भक्ति के राज को समझ पाता है। मस्तिष्क से ज्यादा करीब हृदय होता है और हृदय का भाव विचारों से कहीं ज्यादा करीब है। हृदय के समुद्र की लहरों से जो आंदोलन आता है वह रुलाता भी है, क्योंकि भक्ति आंसुओं के बहुत करीब है। जो रो न सके वह भक्त नहीं हो सकेगा। छोटे बच्चे की तरह जो असहाय होकर रो सके, वही भक्ति-मार्ग से गुजर पाता है। परतंत्रता का अर्थ है कि चित्त के ऊपर लोगों के द्वारा थोपा गया तंत्र, जिससे व्यक्ति को बांधा जाता है। यह जो बंधन है, निश्चित ही यह बंधन किसी को भी प्रीतिकर नहीं है। ऐसे बंधनों के प्रति सहज ही भीतर एक विरोध है।

ऐसे बंधनों को तोड़ देने की भीतर एक तीव्र बलवती आकांक्षा है। जब भी व्यक्ति मौका पाता है, ऐसे बंधनों को तोड़ता है। ऐसे परतंत्रता को तोड़ने से परतंत्रता के विरोध में, वह जो विद्रोही चित्त है, उससे स्वच्छंदता पैदा होती है। क्रियाओं के अभ्यास से स्वांसों के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने से जो जीवन उपलब्ध होता है, उसका नाम स्वतंत्रता है। स्वतंत्र होना इस जगत में सबसे दुर्लभ बात है। स्वतंत्र वही हो सकता है, जो स्वयं को जानता हो।

## कार्टून वर्ल्ड

**तालिबान का मानवाधिकार**




साभारः कॉर्टनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### विवाह की उम्र

**हि.प्र.** देश का पहला राज्य बन गया है जहां लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 21 वर्ष कर दी गई है। यह बिल विधानसभा में पारित हो चुका है और राज्यपाल की सहमति की प्रतीक्षा है। यह कदम लड़कियों को उच्च शिक्षा और लैंगिक समानता के अवसर देने के उद्देश्य से उठाया गया है। लड़कियों को जल्दी शादी से रोकने और उनकी सेहत के प्रति चिंता व्यक्त करता है।

**-राजेश चौहान, कोडरमा**

### विदेश से प्रेम

**विदेशों** की चकाचौंध में फंसकर भारतीय युवा रोजगार के लिए कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि देशों में जाते हैं, लेकिन वहां कई बार उन्हें निम्न स्तर के काम करने पड़ते हैं। अमेरिका में 50 प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का सिर्फ 2 प्रतिशत है, और बहुत बड़ा बजट सैनिक कार्यों में खर्च होता है। विदेश जाने से पहले वहां की वास्तविकता जानना महत्वपूर्ण है।

**- श्यामलाल सिंह, रांची**

# संत, शिक्षक, हिंदी के अनन्य सेवक संत डॉ कामिल बुल्के

## टीचर्स डे

**मुरलीधर**

पुरूष साहित्यकार डॉ फादर कामिल बुल्के की सरलता, सहजता, बुद्धिमता ,साद्गी , तप, त्याग,दूरदर्शिता एवं हिन्दी भाषा के प्रति असीम लगाव को केवल भारत में ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में सराहा गया है।

**परहित सरिस धरम नहिं, भाई।**
**पर पीड़ा सम नहिं अधमाई ॥**

बेल्जियम के फ्लैंडर्स प्रांत रम्सकैपेले गांव के रहने वाले फ्लेमिश भाषी डॉ कामिल बुल्के को तुलसीदास रचित रामचरितमानस की इस पंक्ति ने इतना प्रड्डावित किया कि उनके मन में भारत आने की प्रबल इच्छा जागृत हुई। अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए वे तुलसीदास की पावन भूमि भारत खिंचे चले आये और हमेशा के लिए यहीं के होकर रह गये। डॉ कामिल बुल्के के मन में यह जिज्ञासा थी कि आखिर इतनी उदात्त सोच रखने वाले तुलसीदास का देश भारत कितना महान और पावन होगा। उसे अनुभव और महसूस करने आखिर वे भारत आ ही गये। बाद में उन्होंने अपने को हिंदी के लिए आजीवन समर्पित कर दिया।

साहित्य के अनन्य साधक, धर्मयोद्धा और संत साहित्यकार डॉ फादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितंबर 1909 को बेल्जियम में हुआ था। सन् 1935 ई. में फादर कामिल बुल्के ड्डारत पहुंचे जहाँ से उनकी जीवन यात्रा का एक नया दौर शुरू हुआ। शुरूआत में उन्होंने दार्जिलिंग के संत जोसेफ कॉलेज और गुमला के संत इग्नासियुस मिशन स्कूल में बतौर शिक्षक के रूप में काम करना शुरू किया। कुछ ही दिनों में उन्होंने महसूस किया कि जैसे बेल्जियम में मातृभाषा फ्लेमिश की उपेक्षा और फ्रेंच का वर्चस्व था, वैसी ही स्थिति ड्डारत में हिन्दी की उपेक्षा और अंग्रेजी का वर्चस्व है। उन्होंने 1938 ई. में सीतागढ़ा में पंडित बदरीदत्त शास्त्री के निर्देशन में हिन्दी और संस्कृत सीखा। 1940 ई.में फादर बुल्के ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की विषारद की परीक्षा पास किया। 1947 ई. में इलाहाबाद विश्वविद्यायल से हिन्दी में एम. ए. की शिक्षा ग्रहण किया। 1947 ई. में फादर बुल्के ने डॉ धीरेन्द्र वर्मा की प्रेरणा से 'रामकथा : उत्पत्ति और विकास' विषय पर डॉ माता प्रसाद गुप्त के निर्देशन में शोध कार्य प्रारंड्डा किया। उन्होंने हिन्दी प्रेम के कारण अपनी पीएचडी शोध प्रबंध हिन्दी में ही लिखी। जिस समय वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शोध कर रहे थे उस समय देश में सभी विषयों की थीसिस अंग्रेजी में लिखी जाती थी। उन्होंने जब हिन्दी में शोध प्रबंध लिखने की अनुमति मांगी तो विश्वविद्यालय ने अपनी शोध संबंधी नियमों में बदलाव कर उनकी बात मान ली। उसके बाद देश के अन्य हिस्सों में भी हिन्दी में शोध प्रबंध लिखी जाने लगी। फादर बुल्के के द्वारा प्रस्तुत शोध-प्रबंध हिन्दी में लिखा गया पहला षोध प्रबंध है। उनके द्वारा किया गया षोध इतना गहन, गंभीर और उत्तम था कि आगे चलकर यह भारत सहित पूरे विश्व में प्रकाशित हुई और हिन्दी प्रेमी फादर बुल्के को पूरा विश्व जानने लगा। वास्तव में उनके द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंध को रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्व -कोश कहा जा सकता है। उनका शोध प्रबंध चार भागों में विभक्त है। पहले भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' की विवेचना की गयी है। इसके अंतर्गत पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकि कृत रामायण, महाड्डारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा तथा जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण परीक्षण की गयी है। फादर बुल्के हिन्दी अंगेजी शब्द-कोश कानिर्माण किया। 1968 ई. में उनका अंग्रेजी हिन्दी कोश प्रकाशित हुआ जो आज भी सबसे प्रामाणिक शब्द कोश माना जाता है। उन्होंने इसमें 40 हजार शब्द जोड़ा है। वे बाइबिल का भी हिन्दी भाषा में अनुवाद किये।

# जमात-ए-इस्लामी सदस्यों के कश्मीर चुनाव में उतरने के मायने

**रमेश शर्मा**

जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव से एक चौंकाने वाली खबर आई है। प्रतिबंधित जमायत-ए-इस्लामी के पाँच पूर्व पदाधिकारियों ने निर्दलीय रूप से अपनी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। इस संगठन ने 1987 के बाद से किसी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। 1993 से 2003 के बीच हुये हर चुनाव को हराम₹बताकर बहिष्कार की अपील की थी लेकिन जमात ने इस बार अपनी रणनीति में बदलाव किया है। जमायत-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध है। जमात से जुड़े कार्यकर्ता अपने बैनर से चुनाव नहीं लड़ सकते इसलिये वे निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में आये हैं। अभी पाँच सदस्यों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। संभावना है कि घाटी की कुछ और सीटों पर जमात से जुड़े कार्यकर्त्ता अपने नामांकन भर सकते हैं। जिन पाँच सदस्यों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये उनकी शैली कुछ ऐसी थी, जिससे लगता है कि ये पाँचों लोग किसी रणनीति के अंतर्गत ही नामांकन पत्र प्रस्तुत करने आये। इन सभी ने एक ही दिन अपने निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रस्तुत किये। दूसरा, सभी ने कार्यकताओं का एक अच्छा समूह एकत्र किया और मीडिया को खबर देकर बात भी की। सबकी बातचीत के विषय अलग थे पर संदेश एक ही था।

जमात जुड़े जिन लोगों ने पर्चे दाखिल किये उनमें तलत मजीद ने पुलवामा निर्वाचन क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी घोषित की। मजीद ने मीडिया से कहा कि ₹देश और दुनियाँ की राजनीति में बदलाव आया है, यह बदलते वक्त की जरूरत है कि हम चुनाव लड़ रहे हैं। मजीद ने कहा कि मैं 2014 से जिस एजेण्डे पर काम कर रहा हूँ आज भी उसपर कायम हूँ। मजीद ने एक बड़े आँदोलन आरंभ करने की घोषणा भी की। तलत मजीद कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी का प्रमुख रहा है। इस संगठन में प्रमुख को अमीर कहा जाता है। जमात के एक अन्य प्रमुख कार्यकर्ता नजीर अहमद ने दिवसर सीट से नामांकन प्रस्तुत किया और एक अन्य कार्यकर्ता एजाज अहमद ने जैनपोरा से दावेदारी प्रस्तुत की है। जमात के पदाधिकारी रहे सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने भी अपना नामांकन पत्र भरा। सर्जन बरकती की पहचान अलगाववादी कट्टरपंथी के रूप में रही है। वह आतंकवादियों को फंडिग के आरोप में अभी जेल में है। सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने अपना नामांकन प्रस्तुत करते हुये मीडिया से कहा कि वे अपने पिता की ओर से नामांकन भर रहीं हैं। जमात के एक और पूर्व नेता सायर अहमद रेशी ने पुलगाम विधानसभा से नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। रेशी ने कहा कि वे ₹कश्मीरियत₹ के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। रैशी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अंतरात्मा की आवाज के आधार पर मतदान करें। कश्मीर की मस्जिदों और मदरसों के रूप में जमायत-ए- इस्लामी का एक बड़ा नेटवर्क है। कश्मीर की जिन मस्जिदों से कट्टरपंथ के प्रचार की खबरें आती हैं अथवा जिन मदरसों में आतंकवादी तैयार होने की खबरें आती है, वे जमायत-ए-इस्लामी के प्रभाव वाले क्षेत्र माने जाते हैं। पाकिस्तान के कुछ आतंकवादी संगठनों से संपर्क होने के आरोप भी इस संगठन पर लगे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुछ लोग गिरफ्तार हुये और लगभग तीन सौ लोगों को नजरबंद किया गया था लेकिन धीरे-धीरे कुछ लोग रिहा हुये और कुछ से नजरबंदी हटाई गई। इसी साल फरवरी माह में यह प्रतिबंध पाँच साल के लिये और बढ़ा दिया गया है।कश्मीर के इस चुनाव में जमात-ए-इस्लामी से जुड़े पाँच लोगों के नामांकन आते ही कश्मीर के सामाजिक और राजनीतिक वातावरण में हलचल तेज हो गई है । नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय मजीद और सुगरा के वक्तव्य से स्पष्ट है कि जमात कश्मीर में बड़े राजनैतिक आँदोलन की तैयारी कर रही है। कश्मीर में पनप रहे अलगाववाद और कट्टरपंथ के पीछे भी इस संगठन के कुछ कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस संगठन के राजनैतिक अभियान का उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता प्राप्त करने तक सीमित नहीं होते। वे सामाजिक कट्टरवाद से भी भरे होते हैं।



स्पीड न्यूज

## बोलेरो पिकअप के धक्के से इमेज गाड़ी क्षतिग्रस्त

**रातू।** थाना क्षेत्र के जीटी सेंटर स्थित खड़ी होंडा कंपनी की इमेज गाड़ी जेएच 01 बीबी 1196 को मंगलवार की दोपहर सफेद बोलेरो पिकअप जेएच 01 ईयू 5356 के चालक ने धक्का मार दिया। इससे इमेज पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इतना ही नहीं समीप में खड़े अन्य वाहन को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान वहां खड़ी एक महिला बाल-बाल बच गयी। घटना के बाद चालक पिकअप समेत फरार हो गया। मामले को लेकर इमेज के मालिक मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने रातू थाने में पिकअप चालक के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## नरकोपी थाना के चौकीदार की उपचार के दौरन मौत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के बोबरो गांव के चौकीदार 58 वर्षीय सियाजित अंसारी पिता स्व ईमाम अंसारी की मंगलवार को प्रातः 3 बजे मौत हो गई। वे पिछले कुछ दिनो से बीमार थे, इनका उपचार कोकर रांची स्थित अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां इन्होंने अंतिम सांस ली। स्व अंसारी अपने पीछे विधवा पत्नी सजीबन खातून सात बेटा और दो बेटी सहित भरा-पुरा परिवार छोड़ गये है। छोटा बेटा समीम अंसारी को छोड़कर सभी बेटा बेटी की शादी हो गई है। अंतिम संस्कार बोबरो के कब्रस्थान में जौहर के नमाज के बाद किया गया। अंतिम संस्कार में पुर्व डीडीसी सह समाज सेवी परमेश्वर भगत, थाना प्रभारी देव प्रधान प्रताप, एएसआई राम नगीना, कंचन कुमार सिह, विश्वजित पाठक, उपमुखिया मोईन अंसारी, हाजी निजाम अंसारी, हाजी कुदरत अंसारी, हाफिज ईमाम, महताब अंसारी, सहयोगी चौकीदार सहित कई लोग शामिल थे।

## दुर्गा पूजा समिति बी टाइप डकरा में बैठक

**खलारी।** डकरा नर्मदेश्वर शिव मंदिर का प्रांगण में दुर्गा पूजा बी टाइप में धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में पूर्व समिति का भंग कर नया रूप से समिति का विस्तार किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक एनके महाप्रबंधक सुजीत कुमार व ललन प्रसाद सिंह,रघुवंश नारायण सिंह,कमलेश सिंह, संरक्षक एनके क्षेत्र के सभी स्टाफ अधिकारी व डीपी सिंह, प्रमोद पाठक,बिगन सिंह भोगता, सुनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश राय,रंजीत सिंह, संजय कुमार सिन्हा, मनोज सिंह, सत्यनारायण चौबे, हरेंद्र सिंह,शशि सिंह, कमलेश चौहान, संटू सिंह, भुनेश्वर मुंडा, महासचिव गोल्डन प्रसाद यादव, रंजन सिंह, अनिल सिंह, चंद्रभूषण सिंह, सचिव संतोष कुमार मेहता सहित अन्य लोगो को कोषाध्यक्ष समिति सदस्य बनाया गया।

## शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

**इटकी।** प्रखंड के शंकरी प्लस टू हाई स्कूल और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय इटकी में मंगलवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक में पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि बच्चों की भविष्य संवारने के लिए शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता का योगदान भी जरूरी है। मनुष्य के जीवन का बेस किमती दौलत संतान होते है। जिसे शिक्षा रूपी श्रृंगार से जितना संवारा जाय उतनी ही सुंदर और खुशहाल भविष्य बच्चों की बनती है। किसी भी निवेश की तुलना में बच्चों को शिक्षित बनाकर उनका भविष्य संवारना ज्यादा किमती और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा मांडर विधानसभा क्षेत्र के मांडर, चान्हो, बेड़ो, इटकी और लापुंग क्षेत्र के अनेकों बच्चों ने अपनी शिक्षा और प्रतिभा के बल पर न केवल झारखण्ड बल्कि पूरे देश का नाम रौशन किया है। बैठक के बाद बंधु तिर्की ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई-लिखाई संबंधी सुविधा एवं कठिनाइयों का जायेजा लिया। इससे पूर्व छात्राओं ने मुख्य अतिथि बंधु तिर्की का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। मौके पर इटकी कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष रमेश महली, मोहित गोप, वार्डेन पूनम गुड़िया, सम्बंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकायें व अभिभावक शामिल थे।

### सड़क चौड़ीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप, कहा

# डस्ट के जगह डाले जा रहे मिट्टी और बोल्डर

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा ।** रांची-पुरुलिया सड़क दुर्गा सोरेन चौक से अनगड़ा डाक बंगला तक फोर लेन सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया जा रहा है। आरोप है कि सड़क को चौड़ीकरण कार्य हेतु खोदे गए पीट में स्टोन डस्ट के जगह पत्थर खदान के वेस्ट मिट्टी और बड़े बड़े बोल्डर को डाला जा रहा है। जन प्रतिनिधि लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। उनकाकहना है कि फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य को संवेदक के द्वारा मन माने ढंग से किया जा रहा है। सड़क के किनारे बड़े बड़े पेड़ों को उखाड़े बिना डस्ट और जीएसबी डाले गए थे । उसके बाद पेड़ों को काटकर जड़ों को उखाड़े गए हैं। जिसके कारण जेएसबी में काफी मात्रा में मिट्टी सन गया है। उखाड़े गए जड़ों के गढ़ों में भी आधा मिट्टी आधा डस्ट सन गया है जिसके कारण जहां जहां पेड़ थे वहां वहां भविष्य में सड़क फेल होने की भी आशंका बन गई है। जन प्रतिनिधियों ने सड़क पर विछाए गए जेएसबी का थिकनेस उसका ग्रेडिंग प्राक्कलन के अनुरूप है या नहीं इसकी गुणवत्ता की जांच स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराए जाने की संबंधित अधिकारियों और तकनीकि अभियन्ताओं से मांग की है।

ताकि सड़क की निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनी रहे । और सरकारी धन राशि का बन्दर बांट न हो गुणवत्ता की जांच की मांग करने वालों में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश सहु अजय महतो सिकन्दर अन्सारी सहित अन्य जन प्रतिनिधि शामिल हैं।



# सेवानिवृत शिक्षकों को दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज ओरमांझी में मंगलवार को एक विदाई समारोह आयोजित कर इंटर कॉलेज से सेवानिवृत हुए दो शिक्षक प्रो रीता कुमारी व प्रो रामनरेष पांडेय को विदाई दी गई। प्रो रीता कुमारी राजनीति विज्ञान व प्रो रामनरेश पांडेय मनोविज्ञान के शिक्षक थें। सेवानिवृत हुए दोनो षिक्षकों को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने सम्मानित किया और कहा शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं। सेवानिवृत के बाद भी समाज व राष्ट्र के प्रति उनका दायित्व समाप्त नहीं होता। राष्ट्र निर्मा व समाज को संवारने में उनकी भूमिका आगे भी जरूरी है। वहीं दोनो सेवानिवृत षिक्षकों ने सम्मान के प्रति अभार जताया और अपने अनुभव साझा किए। संचालन शैलेन्द्र मिश्रा, गफ्फार अंसारी व धन्यवाद ज्ञापन इमरान अंसारी ने किया। कॉलेज के सचिव डा. पारसनाथ महतो, प्राचार्य ब्रिजभुषण नीरज, डीग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. भीम महतो, पंसस शशि मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, सुरेश प्रसाद, प्रो एकबाल अंसारी, योगेन्द्र ठाकुर, रामकुमार महतो, गफ्फार अंसारी, अलका तिर्की, रेणु चौधरी, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, मीनू कुमारी, कमला सरोज, गुलशन सिंहा सहित कॉलेज सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## किसान कल्याण समिति की बैठक

**ओरमांझी।** पंचायत सचिवालय चकला में मंगलवार को किसान कल्याण समिति ओरमांझी की एक बैठक समिति के अध्यक्ष मोतीलाल महतो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी से किसानों ने अपने समस्याओं से अवगत कराया। वहीं रामटहल चौधरी ने कहा कि किसान अन्नदाता होते है। सबका पेट भरनेवाला आज खुद फटेहाल है। समिति से कहा किसानों से जुड़े समस्याओं का अध्ययन कर अनके समाधान की दिशा में पहल करें। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मिलने व गांव और पंचायत में समिति का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पांच सूत्री मांग का ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। जिसमें जमीन संबंधी दस्तावेजों में आनलाइन की त्रुटि को ठीक कराना, गैरमजरूआ जमीन का संरक्षण करने, किसान को दी जाने वाली सरकारी सहायता को बिचौलियों के चंगुल से मुक्त करने की मांग शामिल है। संचालन उप महासचिव रामजीत महतो व धन्यवाद ज्ञापन मिन्हाज अंसारी ने किया। बैठक में अभियंता योधन मुंडा, शैलेन्द्र मिश्र, नागेष्वर महतो, दिलरंजन पाहन, जनेष्वर वेदिया, रामजीत महतो, अघनु मुंडा, मणिलाल मिली, रामप्रसाद महतो सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# 247 स्कूली बच्चों को मिली साइकिलें

### उत्साहित दिखे छात्र-छात्रायें, 867 को मिलेगा इसका लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रखंड में मंगलवार को साइकिल वितरण योजना की शुरूआत की गयी। कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख संगीता तिर्की और उप प्रमुख रियाजुल अंसारी ने किया। उन्होंने 4 स्कूलों के 247 बच्चे-बच्चियों के बीच साइकिल बांटी। इसमें राजकीय मवि हुरहुरी 50, रातू राज 106, रातू कन्या 38 और उत्क्रमित उर्दू मवि फुटकलटोली के 53 छात्र-छात्रायें शामिल हैं। साइकिल मिलने के बाद वह बेहद उत्साहित दिखे। बतातें चलें कि 26 मीडिल स्कूलों की कक्षा 8 के 867 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिका समेत झामुमो नेता शमीम मंसुरी व कमरुल हक मौजूद थे।

**जानें वितरण की विसंगति :** स्कूलों के प्राचार्य से एक साल पूर्व ही सूची मांग ली गयी थी। सूची को जिले से स्वीकृति भी मिल गयी है। विडंबना यह है कि जिस वक्त विद्यालय से सूची मिली, बच्चे वहां नामांकित थे। उनके नाम की साइकिल भी आ गयी है। किंतु, दर्जनों छात्र-छात्रायें फिलहाल संबंधित स्कूलों की बजाय प्राइवेट में दाखिला ले लिये हैं।

उन्हें खोज-खोज कर साइकिल उपलब्ध कराना किसी भी मायने में न्यायोचित नहीं है। इससे गरीब बच्चे योजना से वंचित हो रहे हैं।

## कल्याणकारी योजनाओं का हुआ शिलान्यास

चान्हो। प्रखण्ड के बिभिन्न गाँवों में कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। ईस अवसर पर बलसोकरा पंचायत के ग्राम करमटोली, सोंस पंचायत के ग्राम लुपुंगा, ग्राम लुण्डरी, हुटार बाजार टांड और हुटार में योजनाओं का शिलान्यास किये। साथ ही शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा चान्हो प्रखंड रांची में नहीं बल्कि पूरे झारखण्ड का एक वैसा आदर्श प्रखण्ड बनेगा जिससे सभी लोग प्रेरित होंगे।

## भारत आदिवासी पार्टी नामकोम नगड़ी, अनगड़ा प्रखंड कमिटी गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी ।** प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा के निदेर्शानुसार खिजरी विधानसभा क्षेत्र में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में सोमवार को सैम्बो में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन गया। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लिंडा की देख रेख में खिजरी विधानसभा अंतर्गत नगड़ी , नामकोम, अनगड़ा में प्रखण्ड कमेटी का गठन किया गया। मौके पर भारत आदिवासी पार्टी के नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष के रूप में संदीप उरांव को नामकोम प्रखंड अध्यक्ष के रूप में किशन बुकुड़वार वही अनगड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष जीतराम बेदिया को बनाया गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन में हिजरी विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड से सैकड़ो लोग पार्टी के सिद्धांत से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर में मुख्य अतिथि भारत आदिवासी पार्टी राष्ट्रीय सदस्य बबीता कच्छप ने भारत आदिवासी पार्टी के सिद्धांतों, उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पार्टी आदिवासियों के जल ,जंगल, जमीन, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने वाली पार्टी है। पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अजय कच्छप ने कहा की झारखंड की मैटिक झारखंड की माटी में आदिवासी समाज का विकास भारत आदिवासी पार्टी ही कर सकती है जमीन के पार्टी आदिवासियों को उसका हक और अधिकार के लिए ही लड़ाई लड़ेगी ।

मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय कश्यप ने चयनित प्रखंड अध्यक्ष और उसके समिति को भारत आदिवासी पार्टी के सिद्धांत नीति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया और अधिक से अधिक लोगों को भारत आदिवासी पार्टी में पार्टी से जोड़ने का निर्देश दिया है।

### आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# कार्यक्रम में आवेदन 302, निष्पादन 225 का लाभुकों को किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड के बुकबूका पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता आँचलाधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ठ ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीण लाभुकों से जुड़े सभी प्रकार का स्टॉल लगाया गया। जिसमे सर्वजन पेंशन स्टॉल में प्राप्त आवेदन 67,निर्वाचन विभाग 11,धोती साड़ी का वितरण 13,मनरेगा अंतर्गत नए जॉब कार्ड का वितरण 0,मनरेगा अंतर्गत नए कार्य का आवंटन 0, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का प्राप्त आवेदन 07,15 वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत योजना 04, स्वास्थ्य जांच 30,सावित्री बाई फुले योजना 11,अबुआ आवास योजना 54, आयुष्मान कार्ड-10, आधार पंजीकरण 22, जेएसएलपीएस 08,राशन कार्ड सुधार 76 का आवेदन लिया तथा परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। जिसमे आये हुए आवेदन 302, निष्पादन 225 का किया गया।

**मनरेगा से जुड़े कोई भी कार्य नही हुआ :** आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में मनरेगाकर्मियों के हड़ताल से मनरेगा से जुड़े कोई भी कार्य कार्यक्रम में नही किया गया। बताना चाहते है कि मनरेगा कर्मी बीते एक महीनों से हड़ताल में है। कार्यक्रम में झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल पासवान, चितरंजन सिंह,श्याम सुंदर सिंह, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता ,रवि रंजन कुमार, शिवम श्रीवास्तव, पच्चू मुंडा एवं विकास कुमार,अमीन कृष्णा तिर्की,बीटीएम विकास प्रीति रंजन तिर्की सहित सभी विभागों के अधिकारी एवम कर्मचारी मौजूद थे।

### बैंक ऑफ इंडिया रांची जोन फुटबॉल टूनार्मेंट 2024 संपन्न

# एफसी आर वन ने जीता फुटबॉल टूनार्मेंट

खबर मन्त्र संवाददाता


विजेता टीम के साथ अतिथिगण

**नामकुम।** एफसी आरवन नें बैंक ऑफ इंडिया रांची जोन फुटबॉल टूनार्मेंट 2024 का खिताब अपने नाम किया। मंगलवार को राजाउलातु शाखा के तत्वावधान में उलातु मैदान में आयोजित फाइनल मैच में एफसी आरवन ने एफसी कुसई घाघरा को चार तीन से हराया। वहीं तीसरे स्थान पर ग्रीमन गार्डेन रामपुर की टीम रही और बैंक ऑफ इंडिया की टीम चौथे स्थान पर ही। विजेता टीम एफसी आरवन को पचपन हजार रुपए उपविजेता टीम एफसी कुसई घाघरा को इकतीस हजार रुपए और तीसरे स्थान पर ही ग्रीन गार्डेन रामपुर को सात हजार रुपए तथा चौथे स्थान पर ही बैंक ऑफ इंडिया की टीम को भी सात हजार रुपए का पुरस्कार और ट्रॉफी देकर बैंक ऑफ इंडिया रांची जोन के जोनल मैनेजर संजीव कुमार सिंह और खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोनल मैनेजर संजीव कुमार सिंह ने कहा कि टूनार्मेंट ने न केवल फुटबॉल का जश्न मनाया बल्कि सामुदायिक संबंधों को भी मजबूत किया और खेल भावना और टीम वर्क के महत्व को बढाया। वहीं स्थानीय विधायक राजेश कच्छप ने बैंक ऑफ इंडिया की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे टुनार्मेंट आयोजित होने से क्षेत्र के खिलाडियों को मंच मिलता है और छोटे बच्चे भी खेल के प्रति उत्साहित होते है। विधायक श्री, कच्छप ने खेल के आयोजक एफबीओआईओए के महासचिव सुनील लकड़ा और बैंक ऑफ इंडिया उलातू शाखा प्रबंधक मनीस कुमार को धन्यवाद देते हुए आने वाले वर्षों में भी इस परंपरा को जारी रखने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एफबीओआईओए के महासचिव सुनील लकड़ा, उलातू शाखा प्रबंधक मनीस कुमार,जिप सदस्य रीता होरो,मुखिया रंजीत लकड़ा, महादेव मुंडा, विवेक मुंडा, कल्याण लिंडा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, शंकर सिंह मुंडा, सीटी इंडेन के संचालक नरेश कुमार, जोशेप कच्छप, विलियम एक्का आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### करम पूर्व संध्या 12 सितंबर को मनाया जाएगा

**बेड़ो।** बेड़ो में करम पूर्व संध्या मनाए जाने को लेकर झखरा कुम्बा में रविवार को सरना समिति की एक बैठक अनिल उरांव की अध्यक्षता में कई गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम पूर्व संध्या धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जहां सरना समिति बेड़ो के अनिल उरांव बताया कि आगामी 12 सितंबर दिन गुरुवार को सरना स्थल महादानी मैदान स्थित रंगमंच में करम पूर्व संध्या का आयोजन किया जाएगा। जहां सरना समाज के लोग अपने पारंपरिक वेश भूषा,नृत्य गीत के साथ करम पूर्व संध्या में अपने- अपने खोड़हा दल के साथ प्रस्तुति देंगे। बैठक में मुख्य रूप से चारो उरांव,जल्ही महतो,बसंत भगत,आशा एक्का,बन्नु भगत, चुमानी उरांव,अशोक उरांव, सुकेन्द्र उरांव,सरोज टोप्पो,संजय उरांव, मंगरी उरांव,मालती उरांव,रितु उरांव,सुखमनी उरांव,आकृति उरांव,अनुकृति तिर्की, शांति उरांव,पुनम तिर्की,बंधनी उरांव,बिरसमुनी उरांव,पुनिता उरांव,लीलावती उरांव,प्रमिला कुजूर,गोयंदा उरांव,समिकला तिर्की, प्रीति तिर्की, सुमन तिर्की,सुको उराईन, बसंती उरांव,संजय उरांव,समीरा मिंज,सुषमा उरांव,सुमन लकड़ा,सुभाष उरांव,सोमा उरांव,दीपक उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

### सिपाही भर्ती के अभ्यर्थियों ने किया रोड जाम

**रातू।** सरकार की ओर से उत्पाद सिपाही की भर्ती प्रक्रिया के स्थगन से छुब्ध अभ्यर्थियों ने सोमवार की रात 11 बजे टेंडर बगीचा के पास एनएच 75 को जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि बहाली स्थगित होने स्थगन से उनके समक्ष परेशानी खड़ी हो गई है। वह पिछले तीन दिनों से राज्य के दूसरे शहरों से भर्ती के लिये आये हुये हैं। इसमें सैकड़ों अभ्यर्थी बिहार के हैं। ऐसे में उन्हें शारीरिक समेत आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि टेंडर स्थित जगुआर कैंप में 22 अगस्त से उत्पाद विभाग में जवानों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसमें हजारों की तादात में युवा भर्ती में भाग लेने के लिये आये हुये थे। इधर, सूचना मिलते ही थानेदार रामनरायण सिंह जामस्थल पर पहुंचे। उन्होंने अभ्यर्थियों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस को देख जाम कर्त्ता उत्तेजित हो गये। वह प्रशासन और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। उन्होंने अभ्यर्थियों को समझाया कि सरकार ने सबकी हित में यह निर्णय लिया है। श्री सिंह ने युवकों से साथ देने की अपील करते हुये अच्छे परिणाम आने का भरोसा दिलाया। आधे घंटे बाद सड़क जाम हटा लिया गया। इस दौरान सड़क की ओर यात्री बस और ट्रकों की लंबी कतार लग गयी थी।

### मूकबधिर बहु को बेल्ट से मारकर अधमरा किया, पति और सास पर प्राथमिकी दर्ज

**नामकुम।** थानाक्षेत्र के केतारीबगान के रहनेवाले अमन कुमार और उसकी मां पुस्पा देवी ने अपनी मूकबधिर बहु प्रति कुमारी को बेल्ट से मारकर अधमरा करने का आरोप लगाते हुए अमन के ससरु कलेष्वर साहु ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्रति के पिता कलेष्वर साहु ने नामकुम थाना में दिए आवेदन में बताया है कि उनकी बेटी बोलने और सुनने में असमर्थ है। जिसका फायदा उठाकर वे लोग हमेषा मारपीट करते है। कलेष्वर ने बताया है कि जब उनकी बेटी अपने मायके आयी तो उसके षरीर पर चोट के निषान देख कर वे उससे पुछताछ किए तो उसने इषारे से सारी बात बतायी। थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि मामले में नामकुम पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन षुरू कर दी है।

### अलमीरा खोलकर जेवरात चुराये, मामला दर्ज

**नामकुम।** थानाक्षेत्र के मौलाना आजाद कालोनी गलीनंबर चार के रहनेवाले मो रिजवान ने अपने घर के अलमीरा से लाकर खोलकर जेवर चुराने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में मो रिजवान ने बताया है कि सोमवार दोपहर लगभग एक से दो बजे के बीच वे सभी अपने एक रिष्तेदार के घर गए हुए थे। वापस लौटे तो देखा कि उनके कमरे की अलमारी खुली हुई है और सोने का झूमका,अंगुठी,नाक का बेसर,मंगटीका सहित चांदी के भी जेवर और घडी गायब है। चोरी गए जेवारातों की किमत लाखो रूप्ये बतायी जा रही है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में किसी अधिकारी के उपस्थित नही रहने पर विधायक भड़के

**नामकुम।** मंगलवार को प्रखंड के हहाप पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम में कोई अधिकारी एंव कर्मचारी मौजूद नही था। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक राजेश कच्छप मौके पर पहुंचे तो देखा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जैसे महत्वकांक्षी कार्यक्रम की धज्जीयां उडायी जा रही है विधायक श्री, कच्छप ने बताया कि कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही थी। मौके पर सीओ,बीडीओ सहित प्रखंड का कोई पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद नही था। मुखिया और पंचायत सचिव तो पूर्व से ही हडताल पर है ऐसे में सिर्फ आंगनबाडी सेविका और सहायिकाओं के भरोसे सरकार आपके द्वार जैसा कार्यक्रम आयोजित होने पर विधायक भडक गए। उन्होने मामले की जानकारी उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा का दी। जिसपर उपायुक्त ने उन्हे बताया कि चार सितंबर को नामकुम के कुटियातु मैदान में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आयोजित है। जिसकी तैयारी में सभी अधिकारी लगे हुए है। उपायुक्त् ने कार्यक्रम को दुसरे दिन करवाने का आश्वासन दिया ।

### स्ट्रीट लाइट सात दिनो में जलें, नहीं तो संबंधित अधिकारियों पर होगी कारवाई : कालीचरण मुंडा

**तमाड़।** सांसद कालीचरण मुंडा ने रांची-जमशेदपुर राजमार्ग के रायडीह मोड़ फ्लाईओवर और दिऊड़ी फ्लाईओवर में लगी स्ट्रीट लाइट आज तक नहीं जलने के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है कि वे सभी लाइट जलाएं। सांसद ने कहा कि लाइट लगने के बाद अब तक नहीं जलना अधिकारियों की घोर लापरवाही है। उन्होंने विभाग से जल्द संज्ञान लेने को कहा है और चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे संबंधित अधिकारियों पर कारवाई के लिए अनुशंसा करेंगे। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए स्ट्रीट लाइट जलाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग की है।

### 3 महीने से चापानल खराब, 60 घरों में पानी की किल्लत



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी गांव के बीच चबूतरा (हरिमन्दिर) के समीप विगत 3 महीने से चापाकल खराब होने के कारण पीने का पानी को लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। इस टोली में करीब 60 घर है। ग्रामीणों का कहना है कि दूर के कुऐं से पानी लाकर पीते हैं। पीने का पानी को लेकर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के द्वारा चापाकल खराब होने की सूचना मुखिया को दिया गया था, लेकिन मुखिया के द्वारा भी किसी भी तरह का पहल नहीं किया गया। बता दें कि इन दिनों दूषित पानी पीने से डायरिया का काफी प्रकोप चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दूर के कुऐं का पानी पीने को मजबूर हैं सिर्फ डर इस बात का है कि दूषित पानी पीने के कारण डायरिया का शिकार न हो जायें। इस संबध में पेयजल विभाग के कनीय अभियंता अनिल लिंडा ने कहा की गांव में चापानल खराब होने की सूचना है। लेकिन विभाग के पास कोई मिस्त्री नही है। पंचायत के आसपास भी कोई मिस्त्री नही है । जल्द ही कोई उपाय किया जायेगा।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तारीख का ऐलान

## आइसीसी 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 11 से 15 जून तक, लार्ड्स करेगा मेजबानी

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में 11 से 15 जून 2025 तक खेला जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। यह अल्टीमेट टेस्ट आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में दो साल की कड़ी प्रतिस्पर्धा का समापन है, जिसके तहत 27 सीरीज में 69 टेस्ट मैच खेले गए, हालांकि इन 69 मैचों में से अभी कुछ खेले जाने बाकी हैं। भारत वर्तमान में योग्यता निर्धारित करने वाले प्रतिशत अंकों के अनुसार टेस्ट स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जबकि आस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका एक साथ मध्य-तालिका में हैं। लॉर्ड्स में होने वाला टेस्ट आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण के विजेता का फैसला करेगा। न्यूजीलैंड ने 2021 में उद्घाटन चैंपियनशिप जीती, और आस्ट्रेलिया ने 2023 में टेस्ट मेस उठाया।

आइसीसी के मुख्य कार्यकारी, ज्योफ एलार्डिस ने कहा आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्रिकेट कैलेंडर में सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक बन गया है और हमें 2025 संस्करण की तारीखों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह टेस्ट क्रिकेट की स्थायी अपील का प्रमाण है, जो दुनिया भर के प्रशंसकों को आकर्षित करता है। टिकटों की बहुत मांग होगी, इसलिए मैं प्रशंसकों को प्रोत्साहित करूंगा कि वे अभी से अपनी रुचि दर्ज करायें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें अगले साल अल्टीमेट टेस्ट देखने का मौका मिले।

आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 जीतने वाले कप्तान, पैट कमिंस ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना इस टीम के लिए एक बड़ा लक्ष्य था और अभी भी है। यह सभी टीमों के लिए दो साल के चक्र में कड़ी मेहनत और निरंतरता का परिणाम है। तो उम्मीद है कि हम फिर से वहां पहुंचेंगे, अभी और तब के बीच बहुत सारा क्रिकेट खेला जाना बाकी है, और प्रशंसकों को हमें खिताब बचाते हुए देखने का मौका मिल सकता है। एमसीसी के मुख्य कार्यकारी और सचिव गाय लैवेंडर ने कहा, हम पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करने के लिए आइसीसी के साथ काम करके खुश हैं। लॉर्ड्स में टेस्ट मैच के दिन खास होते हैं और उस समय दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ पुरुष टीमों का स्वागत करना, क्रिकेट के घर में मुकाबला करना, एक ऐसा अनुभव होगा जिसे मिस नहीं किया जा सकता।

### बीसीसीआइ ने अगरकर की टीम में शामिल किया नया मेंबर, आगामी टेस्ट सीरीज से पहले बड़ा फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की क्रिकेट सलाहकार समिति ने मंगलवार को अजय रात्रा को अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली पुरुष चयन समिति का नया सदस्य नियुक्त किया। श्री रात्रा समिति में सलिल अंकोला का स्थान लेंगे। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रात्रा अपने साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में अनुभव और प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आये हैं। उन्होंने भारत के लिए 6 टेस्ट और 12 वनडे मैच खेले हैं। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए, रात्रा ने 90 से अधिक प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें उन्होंने लगभग 4000 रन बनाये और 240 से अधिक आउट हुये। चयनकर्ता के रूप में, श्री रात्रा चयन समिति के मौजूदा सदस्यों के साथ मिलकर उन क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी की पहचान और समर्थन करेंगे जो वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बीसीसीआइ रात्रा को असम, पंजाब और उत्तर प्रदेश के मुख्य कोच के रूप में काम करने का व्यापक कोचिंग अनुभव है। वह 2023 में दक्षिण अफ्रीका में अपनी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा थे। समिति के लिए उनकी अंतर्दृष्टि यह सुनिश्चित करने में सहायक होगी कि सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा की पहचान की जाए, उनका पोषण किया जाये और उन्हें उच्चतम स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर दिया जाये।

**अब्दुल कय्यूम अंसारी उर्दू मध्य विद्यालय**
इरबा, राँची पिन कोड- 835219, झारखण्ड
**आवश्यकता**

कक्षा 1 से 8 में सेवा निवृत एवं एक शिक्षक के निधन के उपरांत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत पद के विरूद्ध तीन (03) रिक्त पद पर सहायक आचार्य की आवश्यकता है। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित निम्नतम योग्यता इन्टर प्रशिक्षित एवं राज्य सरकार निर्धारित उम्र सीमा मान्य होगी। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान 5200–20200 एवं ग्रेड पे. 2400 पर नियुक्ति की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी प्रशिक्षित अभ्यर्थियों से दिनांक 18.09.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक निबंधित डाक द्वारा विद्यालय सचिव के पदनाम आवेदन आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा। चयन की प्रक्रिया, उर्दू, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान में लिखित परीक्षा के प्राप्तांक पर की जायगी। (उर्दू के जानकार को प्राथमिकता दी जाएगी) चयन के लिए दिनांक 22.09.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे मूल प्रमाण पत्रों के साथ लिखित परीक्षा हेतु विद्यालय में उपस्थित होना होगा। इसके लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
इस विज्ञापन को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार सचिव के पास सुरक्षित है।

ह./-
पत्रांक दिनांक : सचिव

**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,
AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219)
DISTRICT- RANCHI, Jharkhand
E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances NIT No. -03/PR/JUUNL/2024-25 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 328431 Sd/-
PR 334550 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25)#D
Project Manager
SRHP, Sikidiri

### अवनि लखेरा फाइनल में पदक से चूकी

**पेरिस।** भारत की अवनि लखेरा मंगलवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में निशानेबाजी में महिलाओं की आर8 डब्ल्यू50 मीटर राइफल 3पी एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में पदक से चूक गयी। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अवनि ने 420.6 अंक हासिल किए। वह पांचवें स्थान पर रहीं एवं पदक जीतने से चूक गयी।

### भाग्यश्री शॉटपुट स्पर्धा के फाइनल में पदक से चूकी

**पेरिस।** भारतीय महिला शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री एम जाधव मंगलवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में महिलाओं की शॉटपुट एफ34 स्पर्धा के फाइनल में पदक से चूक गयी। भाग्यश्री ने खेले गए फाइनल मुकाबले में 7.28 मीटर का थ्रो फेंका और पांचवे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गयी।

### पैरा तीरंदाजी: पूजा पहुंची क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज पूजा ने मंगलवार को पैरा तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत रिकर्व में तुर्की की सेंगुल यागमुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय पैरा तीरंदाज पूजा ने तुर्की की सेंगुल यागमुर को 6-0 से हराया।

### क्रिस्टियाना रोनाल्डो ने जल्द संन्यास लेने की अटकलों को किया खारिज

लिस्बन 03 सितंबर (वार्ता) पुर्तगाल के फारवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने निकट भविष्य में संन्यास लेने की अटकलो को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह यूरोप कप के बाद हो रही अपनी आलोचनाओं को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने ऐसी अटकलो को भी खारिज किया जिनमें कहा गया है कि वह निकट भविष्य में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त करने पर विचार कर रहे हैं।

## मीठे से की तौबा, रातों को जगे भी, पैरा भालाफेंक सुमित ने सुनाई गोल्ड जीतने के पीछे की दास्तां

एजेंसी




**पेरिस।** पिछले एक दशक से अधिक समय से पीठ की चोट से जूझ रहे भारत के पैरा भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल के पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण के पीछे बलिदानों की लंबी दास्तां है जिसमें मीठा खाना छोड़ना और कई रातें जागकर गुजारना शामिल है। पैरालंपिक से पहले तेजी से वजन बढ़ने के जोखिम के कारण सुमित को अपनी पसंदीदा मिठाइयों से परहेज करना पड़ा। इसके अलावा पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में कमर में लगी चोट भी उन्हें परेशान कर रही थी। फिजियो की सलाह पर सुमित ने मिठाई खाना छोड़ दिया और कड़ी डाइटिंग पर थे। उन्होंने दो महीने में 12 किलो वजन कम किया। उनकी मेहनत यहां रंग लाई जब पैरालम्पिक खिताब बरकरार रखने वाले वह दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। सुमित ने पैरिस पैरालंपिक खेलों में 70.59 मीटर का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने गोल्ड जीतने के बाद कहा, मैने 10 से 12 किलो वजन कम किया। मेरे फिजियो विपिन भाई ने मुझसे कहा कि वजन से मेरी रीढ की हड्डी पर दबाव बन रहा है। इसलिए मैने मीठा खाना बंद किया जो मुझे बहुत पसंद है। इसके अलावा सही खुराक लेने पर फोकस रखा। सुमित ने कहा, मैं पूरी तरह से फिट नहीं था। मुझे अपने थ्रो से पहले पेनकिलर लेनी पड़ी। ट्रेनिंग के दौरान भी मैं सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं था। सबसे पहले मुझे कमर का इलाज कराना है। मैं सही तरह से आराम भी नहीं कर सका हूं। मैने बहुत संभलकर खेला ताकि चोट बड़ी ना हो जाये। सुमित ने कहा, मैने क्रॉसफिट वर्कआउट भी शुरू किया। कोच अरूण कुमार के साथ मुझे दो साल हो गए हैं। उन्हें पता है कि मुझे कब और क्या चाहिए। मैने उन्हें रातों को जागकर रणनीति बनाते देखा है। मैं खुशकिस्मत हूं कि ऐसी टीम मेरे साथ है। सुमित ने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं से उनकी रातों की नींद उड़ गई थी लेकिन अब वह राहत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछली तीन रातों से मैं सोया नहीं हूं। लोगों की अपेक्षाओं को देखकर मैं नर्वस था। तोक्यो पैरालंपिक में मुझे कोई जानता नहीं था तो इतना दबाव नहीं था। मैं चैन से सो रहा था लेकिन यहां पिछले तीन चार दिन तनावपूर्ण थे।

निविदा सूचना सं०–05/वि०प्रे०स्था०–11/2021–...122../वि०प्रे०
झारखण्ड सरकार
वित्त विभाग (प्रेस)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**
रॉंची, दिनांक–.19.08.2024

1. वित्त विभाग अन्तर्गत झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, रॉंची में विशेष परिस्थिति में विभिन्न प्रकार के मुद्रण कार्य स्थानीय निजी प्रेस से करवाने के सम्बन्ध में मुद्रण का दर निर्धारण हेतु रॉंची स्थित मान्यता प्राप्त निजी प्रेसों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा दिनांक– 18.09.2024 को अपराहन 5.00 Pm बजे तक अवर सचिव, झारखण्ड राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, रॉंची में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में प्राप्त नहीं की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 25.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
2. इच्छुक निविदादाता को अलग अलग लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा ससमय समर्पित करना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी निविदा क्रय समिति द्वारा स्वीकृत किया जायगा, उन्ही निविदादाताओं के वित्तीय निविदा विचारणीय होंगे। निविदा में निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ही भाग ले सकते हैं।
3. निविदा सम्बन्धी शर्त्त एवं वित्तीय निविदा का प्रारूप कार्यालय के सूचनापट्ट एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड के वेबसाईट (prdjharkhand.in) पर उपलब्ध है।
4. उपर्युक्त पर सचिव, वित्त विभाग का आदेश प्राप्त है।

ह०/–
(अमरेश कुमार चौधरी)
सरकार के अवर सचिव।

PR 334543 (Finance) 24-25 (D)

## बांग्लादेश ने टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ

एजेंसी




**रावलपिंडी।** हसन महमूद और नाहिद राणा की बेहतरी गेंदबाजी और उसके बाद जाकिर हसन (40), नजमुल शान्तो (38) और मोमिनुल हक (34) की जुझारू पारियों के दम पर बांग्लादेश ने मंगलवार को पाकिस्तान को छह विकट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीत ली हैं। दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन मंगलवार को बांग्लादेश ने दूसरी पारी में सोमवार को 42 रन स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम को स्कोर 70 रन हुआ कि मीर हमजा ने जाकिर हसन (40) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शादमन इस्लाम (24) खुर्रम शहजाद का शिकार बने। कप्तान नजमुल शान्तो ने मोमिनुल हक के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच 57 रनों की साझेदारी हुई। आगा सलमान ने नजमुल शान्तो (38) को आउट कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। इसके बावजूद बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने धैर्य बनाये रखा। मोमिनुल हक (34) रन बनाकर आउट हुये। मुशफिकुर रहीम (22) और शाकिब अल हसन (17) रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने 56 ओवर में 185 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

पाकिस्तान की ओर से मीर हमजा, खुर्रम शहजाद, अबरार अहमद और आगा सलमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले टेस्ट मैच के चाथे दिन सोमवार को हसन महमूद (पांच विकेट) और नाहिद राणा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 172 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद 184 रन का लक्ष्य मिला था। बारिश शुरू होने से पहले बांग्लादेश ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 42 रन बना लिये थे। पाकिस्तान की ओर से दूसरी पारी में सईम अयूब (20), शान मसूद(28), बाबर आजम (11), सऊद शकील (एक) रन बनाकर आउट हुये। एक समय पाकिस्तान ने 81 के स्कोर पर अपने छह विकेट गवां दिये थे। ऐसे समय में मोहम्मद रिजवान (43) और आगा सलमान नाबाद (47) ने पारी को फिर संभाला। हसन महमूद ने 37वें ओवर में मोहम्मद रिजवान को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

### पाक पहलवान पर प्रतिबंध, पदक छीना गया

**कराची।** पाकिस्तान के पहलवान अली असद पर शक्ति वर्धक दवाओं के सेवन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है और राष्ट्रमंडल खेलों में जीता गया उनका कांस्य पदक छीन लिया गया है। पाकिस्तान कुश्ती महासंघ ने पुष्टि की कि अली असद पर न केवल चार साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, बल्कि उनका कांस्य पदक भी छीन लिया गया है, जो उन्होंने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN :U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY AREA, DUMKA
FAX No. 06434-226812, E-mail ID : gm_esadk@rediffmail.com

**Inviting Short e-Tender Notice**

e-Tenders are invited under ADP head 2024-25 from reputed, experienced and financially sound Manufactures/Suppliers/Authorized dealer having authorization of manufacturers, manufacturers permanentally registered with MSMEs/SSI/NSIC units and having adequate testing facilities for supply of following materials :-

| NIT No. | Group | Sl. No. | Name of Material | Unit | Quantity | Cost of tender with GST (In Rs.) | E.M.D (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 126/PR /JBVNL/ 24-25 | A | 1 | 33 KV Polymer Pin Insulators 10 KN with GI PIN | Set | 2000 | 5000+ 900 =5900.00 | 61200.00 |
| | | 2 | 33 kV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Set | 600 | | |
| | | 3 | 11 KV Pin Insulator 10 KN, OD 40 mm dia with Pin (Polymer Type) and nut & washer | Set | 4200 | | |
| | | 4 | 11 KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Set | 800 | | |
| 127/PR /JBVNL/ 24-25 | B | 1 | GI stay set complete for D/s/s (1900x 20mm) with staywire 7/10 SWG and Guy insulator | Set | 200 | 5000+900 = 5900.00 | 59200.00 |
| | | 2 | 11 KV Stay Set Complete (1800x16 mm) with stay wire 7/10 SWG and guy insulator | Set | 400 | | |
| | | 3 | Stay Set complete (1800x20mm) with stay wire 7/10 SWG & Guy Insulator (Galvanised) | Set | 200 | | |
| | | 4 | Rod type Earthing (25 mm Dia MS Rod 3 mtr long) | Set | 100 | | |
| | | 5 | HDPE pipe-160 mm/6" PE-63 Grade | Mtr. | 2000 | | |
| | | 6 | GI Pipe 8" medium duty (B Class) | Mtr. | 180 | | |
| | | 7 | Nuts & Bolts different size | Kg | 1550 | | |
| 128/PR /JBVNL/ 24-25 | C | 1 | 33 kv Pole Top Bracket 65x65x6 mm [GALVANIZED] (3.58 Kgs.) | Nos. | 200 | 5000+900 = 5900.00 | 78800.00 |
| | | 2 | 33kv V Cross Arm for (100x50x6 mm)[GALVANIZED] (19.7 Kgs.) | Nos. | 150 | | |
| | | 3 | Support Clamp for V Cross Arm for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (1.6 Kgs. each) | set | 200 | | |
| | | 4 | Angle/side Stay Clamp (50x6 mm) for 60kg Rail Pole [GALVANIZED] (1.92 Kgs.) | Set | 200 | | |
| | | 5 | D P Channel Support Clamp ( 50x6 mm) feet (1 pair = 1 set) for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (2.25 Kgs. each) | Pair | 50 | | |
| | | 6 | 33kv D P Channel (100x50x6 mm) 2200 mm Long [ GALVANIZED] (45.5 Kgs.) for AB Switch & LA | Set(1set=2 no) | 50 | | |
| | | 7 | 33 KV Cross bracing for DP Channel[GALVANIZED] (64.3 Kgs.) | set | 50 | | |
| | | 8 | Clamp for Cross Bracing Set of 2 pair for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (1.872 Kgs. each) | Set | 50 | | |
| | | 9 | Support clamp for Cross Bracing for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (2.5 Kgs. each) | Pair | 50 | | |
| | | 10 | 11kv Pole Top Bracket 50x8 mm [GALVANIZED] (2.2 Kgs.) | Nos. | 500 | | |
| | | 11 | 11kv V Cross Arm (100x50x6 mm), [GALVANIZED] ( 19.7 Kgs.) | Nos. | 800 | | |
| | | 12 | Back clamp ( 50x6 mm) for V-cross arm [GALVANIZED] (1.3 Kgs.) | Nos. | 800 | | |
| | | 13 | Back clamp ( 50x6 mm) for Top Bracket [GALVANIZED] (1.3 Kgs.) | Nos. | 1000 | | |
| | | 14 | Support Clamp for V Cross Arm for 9 mtr 400kg PSC pole[GALVANIZED] (2.6 Kgs. each)(each set=2 no clamp) | set | 300 | | |
| | | 15 | Angle/side Stay Clamp ( 50x6 mm) for 8 mtr 200kg PSC Pole[GALVANIZED] (1.08 Kgs.) | Set | 400 | | |
| | | 16 | 11kv D P Channel ( 75x40x6 mm) [GALVANIZED] (41.3 Kgs.) | Set(1set=2 no) | 50 | | |
| | | 17 | 11kv D P Channel ( 75x40x6 mm) [GALVANIZED] (41.3 Kgs.) for LA and AB switch | Set(1set=2 no) | 50 | | |
| | | 18 | D P Channel Support Clamp ( 50x6 mm) feet ( 1 pair = 2no ) for 9 mtr 400kg PSC Pole[GALVANIZED] (1.5 Kgs. each) | Pair | 50 | | |
| | | 19 | 11kv V Cross Arm (75x40x6 mm), [GALVANIZED] (14.6 Kgs.) | Nos. | 1000 | | |

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on website | 05.09.2024 upto 05:00 P.M |
| Start Date/time for upload/submission of bids | From 05.09.2024 at 05:00 PM |
| End Date/time for upload/submission of bids | 20.09.2024 upto 05:00 PM |
| Date/time of opening of Techincal Part-I | 21.09.2024 at 05:00 PM |
| Date/time of opening of Techincal Price Part-II | Will be communicated |
| Name & address of office inviting tender | GM cum-CE, ESA, Dumka |
| Contact No. of procurment officer | 9955692700, 06434-358870 |

NOTE :- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website : http:www.jharkhandtenders.gov.in or www.jbvnl.co.in

(Rakesh Prasad)
General Manager cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Dumka

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 334425 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Dumka

## भारतीय हॉकी टीम पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए चीन रवाना

एजेंसी



**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार तड़के एशियाई चैंपियंस ट्राफी 2024 में भाग लेने के लिए चीन के हुलुनबुइर के लिए रवाना हो गयी। पेरिस ओलंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम प्रतियोगिता में अपने खिताब को बरकरार रखने की प्रयास करेंगी। इस टूनार्मेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन भी शामिल है। भारत अपना अभियान आठ सितंबर को मेजबान चीन के खिलाफ शुरू करेगा उसके बाद नौ सितंबर को जापान से खेलेगा। भारत 11 सितंबर को मलेशिया और 12 सितंबर को कोरिया से भिड़ेगा। भारत 14 सितंबर को आखिरी पूल चरण के मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खेलेगा।

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर हैं नजरें: कप्तान हरमनप्रीत

**नयी दिल्ली।** हरमनप्रीत ने हालांकि कहा कि अब ब्रेक के बाद आठ से 17 सितंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, पेरिस ओलंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिये तैयार है। पेरिस ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है। हम अतीत के अच्छे प्रदर्शन के भरोसे नहीं रह सकते। पिछली बार चेन्नई में भारत ने मलेशिया को 4-3 से हराकर खिताब जीता था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## बालू के अवैध कारोबार पर कार्रवाई

**कटिहार।** विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय से मिली सूचना के आधार पर मंगलवार को बलरामपुर प्रखंड के सलेमपुर बजर गांव में बालू के अवैध कारोबारियों के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी एवं खनन टीम, अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई एवं बलरामपुर थाना द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया और सभी मौके से फरार हो गए। कार्रवाई में तीन ट्रैक्टर सहित हजारों टन सफेद बालू एवं गिट्टी जब्त किया गया है। यह सभी बालू कारोबारी बिना अनुज्ञप्ति के लंबे समय से सफेद बालू एवं गिट्टी का कारोबार कर रहे थे। कार्रवाई से अवैध बालू कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावाान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में भोजन स्वरूप पूड़ी, सब्जी, बुंदिया व रसगुल्ला का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। इस पुनीत कार्य में शहर के युवा भाई, हमारे अभिवावक, हमारी माताएं और बहने भी हाथ बंटा रही हैं। संस्था का एक ही मकसद है जरूरतमन्दो की सेवा। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, अमन कश्यप, रीतांशु गुप्ता, शुभम गुप्ता, कन्हैया, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

## बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़वा चट्टान स्थित शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप मुख्य पथ पर सोमवार की रात्रि अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी गौतम कुमार राम तथा भवनाथपुर कर्पूरी चौक निवासी अजेश कुमार गुप्ता का नाम शामिल है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अजेश और गौतम सोमवार की रात शिवपूजन पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल लेने के बाद ब्लॉक मोड़ की तरफ आने के लिए जैसे ही बाइक को मोड़ा उसी दौरान भवनाथपुर से श्री बंशीधर नगर की तरफ जा रही एक अज्ञात बोलेरो की चपेट में आकर उक्त दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**डंडई।** थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने मंगलवार को मारपीट के आरोपी डंडई थाना कांड संख्या 53/24, दि0-01/9/24 के प्राथमिक अभियुक्त झोतर निवासी तसव्वर अंसारी उम्र 38 वर्ष, पिता स्व. तसार अंसारी, दतवनिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया।

## सोनभद्र आदर्श डिग्री कॉलेज परिसर में पौधरोपण

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आरके कंस्ट्रक्शन एनजीओ भवनाथपुर के तत्वाधान में सोनभद्र आदर्श डिग्री कॉलेज के प्रांगण में आरके कंस्ट्रक्शन एनजीओ भवनाथपुर की ओर से लगभग एक हजार फलदार, इमारती और छायादार पौधरोपण किया गया। इस संबंध में सोनभद्र आदर्श डिग्री कॉलेज के प्राचार्य बबन पांडेय ने बताया गया कि शिषम, सागवान, अमरूद, आंवला, गोल्ड मोहर जैसे पौधे का पौधारोपण किया गया है। उन्होंने बताया की हमारे एनजीओ आरएलएनटी कंपनी के द्वारा पूरे देश में पौधारोपण कार्यक्रम ग्लोबल वार्मिंग के तहत किया जा रहा है। जिसमें सोनभद्र आदर्श डिग्री कॉलेज में विगत दो दिनों में 1000 पौधा लगाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पौधा रोपण में मुख्य रूप से भाग लिया। बबन पांडेय ने बताया कि पहले से ही इस मामले पर बातचीत हो चुकी थी।

## सांसद ने किया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में औचक निरीक्षण

**पटना।** सांसद पप्पू यादव ने पूर्णिया के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवाइयों के रजिस्टर की जांच की, जिसमें यह देखा गया कि कौन सी दवाइयां कितनी मात्रा में आती हैं और कितनी मरीजों को वितरित की जाती हैं। जांच में सांसद ने पाया कि सरकारी अस्पताल डायलोना और डैक्सोना के भरोसे चल रहा है। इस पर पप्पू यादव नाराज दिखे और कहा कि विगत 20 सालों में अस्पताल इस हालत में आ गये हैं, जहां इतने बड़े अस्पताल में सिर्फ दो ही दवा मिल रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आखिर अस्पताल में आने वाली दूसरी दवाओं के पैसों का कैसे बंदरबांट हो रहा है। निरीक्षण के दौरान सांसद ने महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, और अन्य सभी वार्डों का दौरा किया। उन्होंने डॉक्टरों के साथ मिलकर मरीजों और उनके परिजनों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनकी समस्याओं को समझते हुए उचित दिशा-निर्देश दिए। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि अस्पताल की स्थिति चिंताजनक है और ऐसा प्रतीत होता है कि यह डायलोना और डैक्सोना जैसी दवाओं के भरोसे ही चल रहा है। उन्होंने अस्पताल की सेवाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि उनका उद्देश्य है कि हर मरीज को उचित इलाज और सुविधाएँ मिलें। इस औचक निरीक्षण का मकसद जीएमसीएच की सेवाओं को और बेहतर बनाना था, ताकि हर जरूरतमंद को सही समय पर सही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

# अररिया में अज्ञात बीमारी से 3 बच्चे सहित 5 की मौत, हड़कंप

एजेंसी



**फारबिसगंज/ अररिया ।** अररिया के रानीगंज प्रखंड क्षेत्र की मझुआ पंचायत के वार्ड संख्या-10 और 13 में अज्ञात बीमारी से तीन बच्चे और दो बुजुर्ग सहित पांच व्यक्ति की मौत हो गई। बीमार बच्चे और बुजुर्ग में मौत से पहले बुखार,दस्त, उल्टी सहित शरीर में कंपन की शिकायत थी। इससे ग्रामीण सहमे हुए हैं। सूचना मिलने पर प्रखंड मुख्यालय से मेडिकल टीम ने गांव पहुंचकर बीमार बच्चों की जांच कर दवा दी। किस बीमारी से मौत हुई है। इसका पता नहीं चल पाया है। मृत बच्चों के स्वजन का दावा है कि मौत चमकी से हुई है। अरविंद ऋषिदेव के चार वर्षीय पुत्र रौनक कुमार की मौत शनिवार को हुई थी। रविवार को लवकुश ऋषिदेव के डेढ़ माह के पुत्र अंकुश कुमार व सोमवार को मन्नू ऋषिदेव की सात साल की बेटी गौरी कुमारी की मौत पूर्णिया में उपचार के दौरान हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अभी भी डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित हैं। सोमवार को कोहवारा एपीएचसी के सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ अफसर) हरीश गौयल, एएनएम मिक्की कुमारी और आशा फैसिलेटर रेखा कुमारी ने गांव में बीमार बच्चों की जांच की। सीएचओ हरीश गोयल ने बताया कि सभी बच्चों में सर्दी, खांसी व बुखार के लक्षण हैं। इन्हें दवा दी गई है। मृत बच्चों के स्वजन के पास कोई मेडिकल जांच रिपोर्ट नहीं थी। इस कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मौत का क्या कारण है। मामले की पूरी जानकारी ली जा रही है।

इन बच्चों को बुखार हुआ था। ग्रामीण चिकित्सकों ने उपचार किया था, लेकिन तबीयत अधिक बिगड़ने पर पूर्णिया के एक अस्पताल में इन्हें भर्ती कराया गया था। वहीं पर बच्चों की मौत हुई। गांव में 15 से 20 बच्चों में सर्दी, खांसी व तेज बुखार के लक्षण थे। जांच टीम ने अभिभावकों को कहा है कि वे बच्चों को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराएं। घटना के बाद मझुआ पंचायत के लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। मृतकों में चिरवाहा गांव निवासी अरविंद ऋषि देव के तीन वर्षीय बेटे रौनक कुमार, नंद कुमार ऋषि देव के दो महीने के बेटे अंकुश कुमार, मुन्ना ऋषि देव की 8 वर्षीय बेटी गौरी कुमारी, अगम लाल पासवान की 58 वर्षीय पत्नी शर्मा देवी और अनूप लाल शर्मा के 62 वर्षीय बेटे रामू शर्मा बताएं जा रहे हैं। मृतक बच्चे रौनक कुमार के परिजनों ने बताया कि उनके बच्चों को अचानक से किया हुआ, यह वह लोग भी नहीं समझ पाए। रानीगंज प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल रोहित कुमार ने बताया की जानकारी मिलने पर गांव में मेडिकल टीम भेजी गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आखिर किस बीमारी से इन बच्चों की मौत हुई है। बीमार बच्चों का उपचार कराया जा रहा है। पल-पल की जानकारी प्राप्त की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ केके कश्यप गांव पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पांच लोगों की मौत हुई है और जांच के बाद ही पता चलेगा कि आखिर कौन सी बीमारी है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह चमकी बुखार जैसा प्रतीत हो रहा है।

## हिन्दू रक्षा समिति के नेतृत्व में आक्रोश मार्च

**बेतिया।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को हिन्दू रक्षा समिति के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च शहर के राजदेवड़ी से शुरू हुआ जो शहर के राजगुरु चौक होते हुए जनता सिनेमा चौक से होते हुए सोवा बाबू चौक से बालिका शिशु मंदिर में समाप्त हुआ। जन आक्रोश मार्च में हिंदू और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। मार्च में भाग ले रहे लोगों के हाथों में भगवा और तिरंगा झंडे लिए बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बांग्लादेश कट्टरपंथियों के खिलाफ नारे लगा रहे थे। मार्च में शामिल लोग भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाने की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम संयोजक विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नीरज सोनी ने बताया कि बांग्लादेश में हिन्दू भाईयों बहनों पर अत्याचार हो रहा है। मंदिरों में आगजनी की जा रही है। उसके विरोध में शहर के लोगों में रोष है। यही वजह है कि हिन्दू सन्गठन और सामाजिक संगठन जन-आक्रोश मार्च निकाल कर रोष जता रहा है। सह संयोजक राजन पासवान ने कहा कि बांग्लादेश के इस्लामिक संगठनों को संदेश देना चाहते हैं कि हिन्दू भाईयों के साथ वे अमानवीय घटना को अंजाम देते हो तो भारत में रह रहे बांग्लादेशी का न केवल विरोध किया जाएगा बल्कि जवाब भी दिया जाएगा। मौके पर विहिप के जिला मंत्री रमण गुप्ता, बजरंग दल संयोजक सोनू कुमार, पूर्व सैनिक संघ के हरिश्चन्द्र राव, रंजन कुमार सहित सैकड़ो हिन्दू कार्यकर्ता शामिल थे।

### खबर एक नजर में

## टेढ़ी हरैया गांव के 400 लोग एआईएमआईएम में शामिल

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के टेढ़ी हरैया गांव के 400 लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी गढ़वा विाानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉ. एमएन खान ने लोगों को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर डॉ. एमएन खान ने कहा कि विधायक सह झारखंड प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अल्पसंख्यकों को सिर्फ छलने का काम किया है। अल्पसंख्यकों के विकास के लिए उन्होंने कभी नहीं सोचा। जिसका नतीजा है कि अल्पसंख्यक विभिन्न समस्याओं से घिरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हजरत मलंग शाहदता के उर्स के मौके पर हजरत मलंग शहदता के मजार के सुंदरीकरण को लेकर उर्स कमेटी के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन विधायक सह मंत्री के द्वारा हजरत मलंग शाहदता के मजार के सुंदरीकरण को लेकर कोई पहल नहीं की गई। मजार की स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में यहां के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग वर्तमान विधायक की सोच से पूरी तरह वाकिफ हो चुके हैं। अब अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का एआइएमआइएम को पूरा समर्थन मिल रहा है। एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग एआईएमआईएम की नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए हैं।

## कटिहार में लड़की की हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

**कटिहार।** कटिहार व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अनिल कुमार राम ने सेशन ट्रायल नंबर 186/21 में फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों की पहचान मो. ओली उर्फ वाली वाला और मो. सलाम के रूप में हुई है, जिन्हें लड़की की हत्या का दोषी पाया गया है। दोनों पर धारा 302/34 और 120 (इ)/302 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस संदर्भ में अपर लोक अभियोजक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ बीस हजार अर्थदंड देने का आदेश दिया गया है। अर्थदंड की राशि नहीं अदा करने पर नौ माह अतिरिक्त साधारण कारावास का आदेश दिया गया है। इस मामले में कुल नौ गवाहों की गवाही हुई थी। घटना के संबंध में 14 फरवरी 2021 को बारसोई थाना में शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें बताया गया था कि लड़की का प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह गर्भवती हो गई थी। इसके बाद दोषियों ने मिलकर लड़की की हत्या कर दी थी।

# दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमेटी गठित



बैठक करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** डंडई के देवी धाम चौपाल के प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। इसके पश्चात सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राम प्यारे सिंह को अध्यक्ष, राजेश प्रसाद गुप्ता एवं विवेकानंद कुशवाहा को कार्यकारी अध्यक्ष, ऋषिराज कुमार को सचिव और विवेक कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही शशि भूषण मेहता, सानू कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार रवि, अनिमेश कुमार, अजय कुमार सिंह, मोतीलाल कुमार, बच्चन देव प्रजापति, राजू कुशवाहा, आरके राजा, ओमप्रकाश प्रजापति को सदस्य बनाया गया है। मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नवरात्रि पर भव्य दुर्गा पंडाल का निर्माण कराने, एकम को भव्य कलश शोभायात्रा सुबह 10 बजे निकालने, एकम से नवमी तक दिन में नवाह्न परायण पाठ का आयोजन एवं रात्रि में नाटक मंचन का कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि दशमी को सुबह 10 बजे से कन्या पूजन के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे से भव्य झांकी के साथ रावण का पुतला दहन का कार्यक्रम अंबेडकर चौक परिसर में किया जाएगा। जिसके बाद दशहरा मिलन समारोह का आयोजन तथा रात्रि में दस बजे से भक्ति जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख प्रतिनिधि राम आशीष प्रसाद, पश्चिमी भाग के बीडीसी प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, सुभाष चंद्र मेहता, अशोक प्रसाद गुप्ता, सकलदीप राम, हरिशंकर ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जायन्ट्स सेवा सप्ताह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में जायन्ट्स सेवा सप्ताह 2024 में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 17 सितंबर को 11 बजे दिन में रंका मोड पर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान, 18 सितम्बर को नामधारी महाविद्यालय के सभागार में 11 बजे से अंगदान पर सेमिनार, 19 सितम्बर को रंका मोड़ पर 11 बजे से पौधा वितरण, 20 सितंबर को ज्ञान निकेतन स्कूल में 11 बजे से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 21 सितंबर को कल्याणपुर गांव में मच्छरदानी तथा वस्त्र वितरण, 22 सितंबर को 7 बजे सुबह रंका मोड़ से स्वच्छता अभियान, शाम में ज्ञान निकेतन स्कूल में समापन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान ने अब तक किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन विनोद कमलापुरी जबकि धन्यवाद ज्ञापन शौकत खान ने किया। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, उपाध्यक्ष राकेश केशरी, लखन केशरी आदि उपस्थित थे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम

## आये एक हजार छह सौ एकानबे आवेदन



गोदभराई करती प्रखंड प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, सीओ आफ़ताब आलम, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, उप मुखिया अवधेश प्रसाद यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर बाल विकास परियोजना द्वारा महिलाओं को प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने गोद भराई का कार्यक्रम किया। वहीं 10 लोगों को धोती, साड़ी, लूंगी एवं विद्यालय के 171 छात्र-छात्राओ के बीच साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाये गये। कार्यक्रम में कुल 1691 आवेदन प्राप्त हुए। अबुआ आवास में 782, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 194, जाति प्रमाण पत्र 1, मईयां सम्मान योजना 119, सर्वजन पेंशन 180, पीएम किसान 51, श्रम विभाग 26, सावित्रीबाई फुले 6, मनरेगा जब कार्ड 9, आयुष्मान कार्ड 8, राशन कार्ड 31 सहित कई विभाग के आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर डॉ नितीश भारती, सीआई इंतखाब आलम, कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम, पंचायत सेवक अजित सिंह, नवनीत कुमार सिंह, जेई परविंदर कुमार, बीटीएम राकेश कुमार, पंकज कुमार, चंदन कुमार, कौशल कुमार सिंह, र्मेंद्र कुमार, विष्णु उरांव, अशोक कुमार, निरंजन पाठक, सुनील यादव आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### दिल्ली में यह...

कनॉट प्लेस में अवस्थित होना और रेलवे, बस स्टॉप, मेट्रो, हॉस्पिटल आदि से नजदीकी इसे और भी प्रभावशाली बनाती है। इसके शुरू होने से झारखंड के निवासियों के लिए आसानी रहेगी।

**दिल्ली में झारखंड का प्रतिबिंब :** सीएम ने कहा कि यह इमारत भविष्य में झारखंड सरकार और उसके प्रयासों का देश की राजधानी में एक प्रतिबिंब प्रस्तुत करेगी। पहले से झारखंड सरकार का भवन दिल्ली के बसंत विहार में स्थित है। कनॉट प्लेस केंद्र होने के कारण सबसे लोकप्रिय माना जाता है। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरावं, सत्यानंद भोक्ता, हफीजुल हसन, रामदास सोरेन, दीपिका पांडेय, मिथिलेश कुमार ठाकुर, इरफान अंसारी, बेबी देवी, दीपक बिरवा, विधायक कल्पना सोरेन, उमाशंकर अकेला, सांसद कालीचरण मुंडा, महुआ मांझी, पूर्व सांसद धीरज साहू , सुबोधकांत सहाय, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, अलका तिवारी, मुख्य स्थानिक आयुक्त अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, मुख्य मंत्री के सलाहकार विमल घोष, प्रधान सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो, सुनील कुमार, मनोज कुमार, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल, शहंशाह अली खान आदि विशिष्ट लोग उपस्थित थे। झारखंड भवन का भूमि पूजन 2016 में तब की झारखंडी की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के साथ झारखंड के तात्कालीन सीएम रघुवर दास ने किया था। नया झारखंड भवन 70 डिसमिल में 7 फ्लोर का है। इसमें कुल 60 कमरे हैं। भवन में चार सुइट और 6 वीआईपी रूम हैं।

### सीएम आज पांच...

**कड़ी सुरक्षा :** कार्यक्रम स्थल पर तीन गेट बनाये गये हैं, जहां से लाभुक प्रवेश करेंगे। हर गेट पर मेटल डिटेक्टर से प्रवेश करने वालों की जांच की जायेगी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से सौ से ज्यादा दंडाधिकारी एवं दो हजार से ज्यादा पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

### रेप-हत्या मामल...

तो उसे फांसी की सजा दी जा सकती है। पीड़ित के कोमा में जाने या मौत होने पर दोषी को 10 दिन में फांसी की सजा होगी। इस सजा का उद्देश्य अपराधियों को एक कठोर दंड देना है, जिससे समाज में न्याय की भावना को कायम रखा जा सके और भविष्य में इस तरह के अपराधों की प्रवृत्ति को रोकने में मदद मिले। चार्जशीट दायर करने के 36 दिनों के भीतर सजा-ए-मौत का निर्णय लिया जा सके। इस प्रावधान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मामलों में न्यायिक प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा सके।

**पुलिस को 21 दिन का समय :** गंभीर यौन अपराधों और हत्या के मामलों में एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 21 दिनों की समय सीमा दी गयी है।। इसका उद्देश्य है कि अपराध की जांच त्वरित और प्रभावी तरीके से की जा सके। न्याय प्रणाली में किसी भी प्रकार की देरी को कम किया जा सके। यौन अपराध या हत्या का मामला दर्ज किया जाता है, तो पुलिस को उस मामले की पूरी जांच 21 दिनों के भीतर समाप्त करनी होगी। इस विधेयक के तहत, यदि कोई व्यक्ति यौन अपराध या हत्या के आरोपी को मदद करता है, तो उसे 5 साल की कैद की सजा का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो अपराधी को छिपाने, उसके खिलाफ गवाही देने से मना करने, या किसी भी तरह से उसे संरक्षण प्रदान करने में संलिप्त होते हैं। विधेयक के तहत, प्रत्येक जिले में विशेष अपराजिता टास्क फोर्स बनाने का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य यौन अपराधों और हत्या के मामलों की तेजी से और प्रभावी जांच सुनिश्चित करना है। हर जिले में गठित की जाने वाली इस विशेष टास्क फोर्स में पुलिस के अनुभवी अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**एसिड अटैक में भी उम्रकैद :** इस विधेयक के तहत, रेप और एसिड अटैक दोनों को अत्यंत गंभीर अपराध माना गया है, और इन दोनों अपराधों के लिए समान रूप से कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। विशेष रूप से, एसिड अटैक के मामलों में भी दोषियों के लिए आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। रेप और एसिड अटैक की गंभीरता को देखते हुए, यह विधेयक यह सुनिश्चित करता है कि इन अपराधों में शामिल दोषियों को कड़ी सजा मिले। वहीं पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यौन अपराधों और अन्य गंभीर मामलों में पीड़ितों की पहचान की गोपनीयता पूरी तरह से सुरक्षित रहे। पीड़िता की पहचान को उजागर करने वाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी, जिसमें जुर्माना, जेल की सजा, या दोनों शामिल हो सकते हैं। इस अधिनियम ने भारत में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के खिलाफ लड़ाई को एक नयी दिशा दी है। यह कानून समाज में यौन अपराधों के प्रति जागरूकता और रोकथाम के लिए भी महत्वपूर्ण कदम है।

## डीसी ने की राशन वितरण संबंधी समीक्षात्मक बैठक

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने मेराल प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ उनके द्वारा राशन वितरण किए जाने संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में डीसी ने राशन वितरण के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराने संबंधित निर्देश दिया। साथ ही जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को हो रही परेशानियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने ई-पास मशीन एवं तराजू में आ रही परेशानियों के बारे में बताया। साथ ही मशीन की बैटरी, चार्जर खराब होने की बात भी बतायी। इस संदर्भ में डीसी ने मौके पर उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। साथ ही डीसी ने पीवीटीजी डाकिया योजना, धोती साड़ी वितरण योजना, एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस अंतर्गत खाद्यान्न वितरण समेत अन्य की समीक्षा की।

# भारत फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर से 35 हजार रुपए की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता



जमील अंसारी

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-बिशुनपुरा मुख्य सड़क पर भारत फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर से रुपए से भरा बैग अज्ञात लुटेरों द्वारा लूटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर जमील अंसारी सोमवार की रात्रि थाना क्षेत्र के पुरहे, आदर एवं हथिया चट्टान गांव से महिला समूह से किस्तों की राशि संग्रह कर अपने ब्रांच मझिआंव आ रहे थे। इस बीच नगर पंचायत सिवान स्थित छोटी नहर के समीप तीन मुहान चौक पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों ने सबसे पहले फील्ड ऑफिसर के मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार धक्का मारा। इसके बाद फील्ड अफिसर अपने मोटरसाइकिल से गिर पड़े। इसके बाद फील्ड अफिसर एवं लुटेरों के बीच थोड़ी नोक झोंक हुई। इसी बीच फील्ड अफिसर लुटेरों के आतंक से घबराकर गए और अपना मोटरसाइकिल छोड़कर बैग में भरा लगभग 35 हजार रुपए लेकर भागने लगने। इसी दौरान लुटेरों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया, इसके बाद पिस्तौल का भय दिखाते हुए फील्ड ऑफिसर के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गया। जिसके बाद उन्होंने रात्रि में ही पुलिस को सूचना दी। इसके बाद भारत फाइनेंस के फील्ड अफिसर के निशानदेही पर एक लुटेरे के घर पुलिस पहुंची। लेकिन युवक नहीं मिला। इधर भुक्तभोगी फील्ड ऑफिसर जमील अंसारी ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ थाना में लिखित शिकायत दिया है। पुलिस ने छापामारी अभियान चला रही है। समाचार लिखे जाने तक लूटेरे पुलिस के पकड़ से बाहर थे। भारत फाइनेंस के शाखा प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि मैं अभी छुट्टी पर हूं लेकिन जानकारी मिली है कि लूटपाट हुई है। उन्होंने कहा कि लगभग 35 हजार रुपए से भरा बैग लुटेरों ने लेकर फरार हो जाने की सूचना हमें भी मिली है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि लुटेरों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। बहुत जल्द इसका खुलासा कर लिया जाएगा।

## डैम मे डूबने से युवक की मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली दक्षिणी पंचायत स्थित भीतरी टोला के बहेरवाखाड़ी डैम मे डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक बनखेता गांव के ही श्याम बिहारी यादव का 32 वर्षीय पुत्र मनोज यादव बताया जा रहा है। वह अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाते हुए डैम में कूद गया था। घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप उरांव, एएसआई दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर युवक के शव को डैम से बाहर निकलवाया तथा पंचनामा के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। जानकारी के अनुसार मनोज प्रायः अपने मवेशियों को चराने के लिए बहेरवा डैम की तरफ जाता था, आशंका व्यक्त की जा रही है कि सोमवार के शाम में वह पेट्रोल खरीदा और अपने शरीर पर उड़ेल कर आग लगा लिया। इसके बाद वह डैम के गहरे पानी में कूद गया।

स्पीड न्यूज

## भारत भाग्य विधाता में काम करेंगी कंगना



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री कंगना रनौत फिल्म भारत भाग्य विधाता में काम करेंगी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दो क्रिएटिव माइंडस, बबीता आशिवाल और आदि शर्मा, टॉप लेवल का क्वालिटी कंटेंट देने के लिए एक साथ आए हैं, जो दिलों को छूने का वादा करता है। उनके नये वेंचर, जिसका टाइटल भारत भाग्य विधाता है, उनके संबंधित प्रोडक्शन हाउस, यूनोइया फिल्म्स और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट के पहले सहयोग के तहत एक प्रमुख प्रयास है।

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन 15 तक

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन 15 सितंबर तक होंगे। इच्छुक प्रतिभागी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https:// awards .gov.in पर जाकर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

## ढाका में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार को हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। राजधानी के कई इलाकों में सड़कों पर इतना पानी भर गया कि राहगीरों को वापस घरों के लिए लौटना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी कामकाजी लोगों और स्कूली बच्चों को हुई। इतना पानी बरसा है कि कई सड़कें घुटनों तक पानी में डूबी हुई हैं। कुछ इलाकों में तो कमर तक पानी भर गया है।

# चेन्नई में क्षत्रियों की हुंकार, बटेंगे तो बिखरेंगे, जुटेंगे तो लड़ेंगे

**अशोक अकेला**

- राजपूत समाज का इतिहास लिखने की क्षमता किसी भी साहित्यकार और लेखक में नहीं है : मानवेंद्र सिंह
- दक्षिण से उत्तर तक समाज रहेगा एक : शूलपाणि सिंह



चेन्नई। बटेंगे तो बिखरेंगे, जुटेंगे तो लड़ेंगे के नारों के साथ चेन्नई में क्षत्रिय सम्मान समारोह हुआ। कामराज अहंगम अन्नामलाई, चेन्नई के सभागार में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित क्षत्रिय सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ साथ तामिलनाडु, दिल्ली, बंगलोर, केरल आंध्रप्रदेश के क्षत्रियों ने अपनी एकता दिखाई। क्षत्रिय महासभा के बैनर तले आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में तामिलनाडु इकाई के अध्यक्ष एम के गुना की मेहनत रंग दिखाई, जिसके कारण हजारों हजार क्षत्रियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर यह साबित कर दिया कि उत्तर हो या दक्षिण,पूरब हो या पश्चिम देश के कोने कोने में फैले क्षत्रिय एक हैं और अपने अधिकार व दायित्व के लिए कृतसंकल्प हैं। तामिलनाडु इकाई के अध्यक्ष एम के गुना ने सभी आगत अतिथियों के माथे पर पगड़ी बांधकर और तलवार भेंट कर उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया, जबकि समारोह में भाग लेने आये सभी क्षत्रिय बंधुओं के माथे पर पगड़ी बांधा गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह ने कहा कि क्षत्रियों का इतिहास लिखने की क्षमता किसी भी साहित्यकार, लेखक या इतिहास प्रदर्शित करने की क्षमता कलाकारों में नहीं हैं। इसका मुख्य कारण यह हैं कि क्षत्रिय अपना इतिहास रंगों की होली नहीं बल्कि खून की होली खेलकर बनाई हैं। जब क्षत्रियों का खून बहा हैं,तब यह देश आजाद हुआ हैं। हम जीने के लिए नहीं बल्कि मरने के लिए जन्म लेते हैं। हमें अपने घर परिवार से ज्यादा भारत मां की धरती, राष्ट्र की अखंडता प्यारी हैं। इसलिए हमारा जन्म क्षत्रिय कुल में हुआ हैं और राष्ट्र की रक्षा करना हम अपना कर्तव्य समझते हैं। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शूलपाणि सिंह ने कहा कि जो डर गया,वह मर गया। हम डरते नहीं हैं, इसलिए क्षत्रिय कहलाते हैं। हम अपने देश के लिए अपनी जान हथेलियों पर लेकर घुमाते हैं, यही कारण हैं कि इतिहास के हम साक्षी भी हैं और देश में ही नहीं विदेशों में लोकप्रिय है। हम मुगलों से लेकर अंग्रेजों तक से लड़ें। हम सिर झुकाना नहीं,सिर काटाना जानते हैं। यही कारण है कि क्षत्रिय कुल में श्रीराम, श्रीकृष्ण, से लेकर महाराणा प्रताप व पृथ्वी राज चौहान तथा बाबू वीर कुंवर सिंह का जन्म हुआ हैं। दक्षिण से लेकर उत्तर तक क्षत्रिय समाज एक हैं और एक रहेगा। क्षत्रिय सम्मेलन को डाक्टर के लक्ष्मण, सांसद,वाई पी सिंह,के वेंकटेश्वर, श्रीमती कृष्णा हाडा, जस्टिस दुराल करूणाकरण, डाक्टर आर माहेश्वरी, संजय सिंह, पत्रकार, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह तथा दुर्राई स्वामी बेसरा के अलावा दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर स्थानीय क्षत्रिय युवकों द्वारा मंच पर तलवारबाजी की कला का अद्भुत प्रदर्शन किया गया,जिसकी तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। तमिल प्रदेश व तमिल भाषा भाषी लोगों की उपस्थिति में संपन्न इस क्षत्रिय सम्मेलन में पधारे सभी क्षत्रिय भाईयों को अंग वस्त्र, तलवार और पगड़ी प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

## बाड़मेर में मिग-29 क्रैश, पायलट सुरक्षित

**बाड़मेर।** राजस्थान में बाड़मेर जिले के उत्तरलाई एयरबेस के पास कवास इलाके में भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। पायलट ने विमान क्रैश होने से पहले ही इजेक्ट कर लिया था। वह सुरक्षित है। एयरफोर्स ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। डिफेंस पीआरओ अजिताभ शर्मा ने बताया कि मिग-29 फाइटर प्लेन क्रैश हुआ है। वायुसेना ने एक्स हैंडल पर लिखा कि बाड़मेर सेक्टर में नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-29 में गंभीर तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण पायलट को विमान से बाहर निकलना पड़ा। पायलट सुरक्षित हैं और किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। विमान आसमान में ही आग का गोला बन गया था। धमाके की आवाज करीब 10 किलोमीटर तक सुनाई दी।

# कृषि निवेश पोर्टल लांच

## निवेशक अब आसानी से कई सरकारी योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं : चौहान

**केंद्रीय कृषि मंत्री ने बैंकों और राज्यों को दिये एआइएफ उत्कृष्टता पुरस्कार**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** कृषि निवेश पोर्टल कृषि व्यवसाय बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और किसानों की आय में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया एक व्यापक मंच है। इस पोर्टल को निवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे निवेश के अवसरों और सूचनाओं को केंद्रीकरण से कृषि की रूपरेखा बदलेगी। केन्द्रीय कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पूसा संस्थान परिसर में कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ करने के अवसर पर ये बातें कहीं। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रामनाथ ठाकुर और कृषि एवं किसान कल्याण सचिव देवेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि निवेश का उद्देश्य कृषि व्यवसायों के लिए एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र बनाना और कृषि क्षेत्र में सतत वृद्धि व विकास को बढ़ावा देना है। यह पोर्टल केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों, उद्यमियों और उद्योगों तक आसानी से जानकारी मुहैया कराएगा। इससे निवेशक अब आसानी से विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने आवेदनों की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं।

कृषि निवेश पोर्टल के शुभारंभ के साथ ही केंद्रीय मंत्री शिवराज ने विभिन्न श्रेणियों के तहत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बैंकों और राज्यों को एआईएफ उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक को पुरस्कार मिले, जबकि एचडीएफसी बैंक को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी क्षेत्र के बैंक के रूप में पुरस्कार मिला। एआईएफ योजना के तहत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक श्रेणी में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, पंजाब ग्रामीण बैंक, बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक, महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्राप्त करने वालों में शामिल थे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में मध्य प्रदेश, पंजाब, यूपी, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तेलंगाना राज्यों को कृषि अवसंरचना कोष के तहत उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिले।

## लखनऊ में तीनों सेनाओं का पहला संयुक्त कमांडर सम्मेलन आज से

**नयी दिल्ली।** देश की सुरक्षा चुनौतियों और भावी युद्ध पर चर्चा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में 4-5 सितंबर को लखनऊ स्थित मध्य कमान मुख्यालय में तीनों सेनाओं का पहला संयुक्त कमांडर सम्मेलन होगा। सशक्त और सुरक्षित भारत थीम पर होने वाले इस सम्मेलन में सेनाओं के प्रक्रियागत सुधार, संयुक्तता और आत्मनिर्भरता के माध्यम से सशस्त्र बलों में बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सभी सैन्य कमांडरों के साथ एक ही स्थान पर सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा के लिए रक्षा मंत्री स्तर की यह नई पहल है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान 4 सितंबर को उद्घाटन भाषण देंगे। सम्मेलन का विषय सशक्त और सुरक्षित भारतः सशस्त्र बलों में परिवर्तन रखा गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 सितंबर को रक्षा तैयारियों की समीक्षा करेंगे। साथ ही भविष्य के युद्धों के लिए एक मजबूत अवधारणा विकसित करने के लिए खतरे और संसाधनों का मिलान किया जाएगा। यह पहला ऐसा मंच होगा जहां रक्षा मंत्री एक ही स्थान पर सेना, नौसेना, वायु सेना के सभी कमांडरों से बात करेंगे। दरअसल, फैसला लिया गया है कि प्रधानमंत्री अब हर दो साल में एक बार संयुक्त कमांडर सम्मेलन में सैन्य कमांडरों को संबोधित करेंगे।

# 1.45 लाख हजार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने सशस्त्र सेनाओं की क्षमता बढ़ाने तथा उनके आधुनिकीकरण के लिए करीब एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को रक्षा खरीद परिषद ने एक लाख 44 हजार 716 करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी खरीद प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इन सौदों की कुल लागत का 99 प्रतिशत देश में ही डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी का होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन प्रस्तावों में सेना के टैंक बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद का प्रस्ताव भी शामिल है। एफआरसीवी बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों में काम करने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक तथा घातक आग पर काबू पाने वाले उपकरणों से लैस मुख्य युद्धक टैंक होगा।

परिषद ने एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद के लिए भी मंजूरी दी है जो हवाई लक्ष्य का पता लगाएगा और ट्रैक करने के साथ साथ फायरिंग करने में भी सक्षम होगा। फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड)

**खरीदे जायेंगे लड़ाकू वाहन औ डोर्नियर-228 विमान**

की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है जिसमें मशीनीकृत संचालन के दौरान इन-सीटू मरम्मत करने के लिए उपयुक्त क्रॉस कंट्री गतिशीलता है। यह उपकरण बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है और मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन तथा बख्तरबंद रेजिमेंट दोनों के लिए अधिकृत है।भारतीय तट रक्षक की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के तीन प्रस्ताव मंजूर किये गये हैं। डोर्नियर-228 विमान, खराब मौसम की स्थिति में उच्च परिचालन सुविधाओं वाले अगली पीढ़ी के तेज गश्ती जहाजों और उन्नत तकनीक तथा लंबी दूरी के संचालन वाले अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाजों की खरीद से तटरक्षक बल की निगरानी गश्त करने की क्षमता, खोज एवं बचाव और आपदा राहत अभियान चलाने की क्षमता में वृद्धि होगी। रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल के दिवंगत महानिदेशक राकेश पाल जो खरीद परिषद के सदस्य भी थे को याद किया। श्री पाल का 18 अगस्त को चेन्नई में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ब्रुनेई में भव्य स्वागत**

**ब्रुनेई दारुस्सलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ब्रुनेई में मंगलवार को प्रवासी भारतीय ने किया स्वागत। प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जबकि दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। श्री मोदी की पूर्व के देशों के साथ काम करने की एक्ट ईस्ट नीति में ब्रुनेई का एक महत्वपूर्ण स्थान है। दोनों देशों के संबंध, परस्पर मित्रतापूर्ण हैं और दोनों देश द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर दोनों एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं।**

# सभी श्रमिकों को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

**एजेंसी**

**केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखा पत्र**




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और जीवनयापन सरल बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत श्रमिकों को शामिल किया जाएगा।

मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि श्रमिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा गया है।

पत्र में प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों, सिनेमा श्रमिकों, गैर-कोयला खदान श्रमिकों, ठेका मजदूरों और अन्य असंगठित श्रमिकों को आवास योजना मैं शामिल करने को कहा गया है। मंत्रालय ने यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को वित्त वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29 तक पांच साल के लिए बढ़ाने की मंजूरी के बाद लिया गया है। इसका उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को दो करोड़ अतिरिक्त घर उपलब्ध कराना है।

मंत्रालय की यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिकों की आवास आवश्यकताओं को पूरा करेगी। पत्र में कहा गया है कि ये श्रमिक समाज के वंचित वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उनको करना न केवल सामाजिक न्याय का मामला है, बल्कि उनकी जीवन स्थितियों में सुधार की दिशा में एक आवश्यक कदम भी है। इसके अलावा, मंत्रालय ने घोषणा की है कि भवन एवं निर्माण तथा प्रवासी श्रमिकों के लिए 21 अगस्त को जारी किया गया प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पोर्टल पूरी तरह से चालू हो गया है। पोर्टल को विभिन्न केंद्रीय और राज्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, जैसे बीमा, स्वास्थ्य लाभ और आवास योजनाओं के तहत निधि उपयोग और श्रमिकों की जानकारी और विश्लेषण की सुविधा के लिए तैयार किया गया है।




## एटलस साइकिल के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर ने की खुदकुशी

**नयी दिल्ली।** एटलस साइकिल कंपनी के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर ने मंगलवार को अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घर से सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। कपूर की मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग स्थित उनके आवास पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट भी बरामद किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आत्महत्या की वजह का खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि एटलस साइकिल के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर की डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम लेन स्थित उनके आवास पर गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चार दिनों तक अलौकिक आभा से चमकेगी रामनगरी

## अयोध्या दीपोत्सव को भव्य बनाने में जुटी सरकार

**एजेंसी**

- राम की पैड़ी समेत कई घाटों को 25 लाख से ज्यादा दीयों से सजाया जायेगा
- 28 से 31 अक्टूबर तक कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे



**लखनऊ ।** अयोध्या दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए यूपी सरकार तेज गति से कार्य कर रही है। इस वर्ष न केवल राम की पैड़ी, नया घाट समेत अयोध्या के विभिन्न घाटों को 25 लाख से ज्यादा दीयों से सजाया जाएगा, बल्कि चार दिनों तक चलने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम में साज-सज्जा इस कदर आकर्षक होगी, जो अयोध्या को साकेत धाम की वास्तविक अलौकिक आभा प्रदान करेगी। जानकारी के अनुसार 28 से 31 अक्टूबर के बीच अयोध्या में इस वर्ष होने वाले भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न शिफ्ट्स में कार्यक्रमों का आयोजन होगा और मुख्य कार्यक्रम की समय अवधि 45 मिनट की रहेगी। अयोध्या दीपोत्सव के दौरान 100 से ज्यादा कलाकार राम की पैड़ी व अन्य कार्यक्रम स्थलों पर प्रस्तुति देंगे। इनमें प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन मुख्य रहेगा। इसके साथ ही मुख्य कार्यक्रम की शोभा भव्य लेजर शो, मल्टीमीडिया प्रोजेक्शंस और आर्टिस्टिकली कोरियोग्राफ्ड फायरक्रैकर होगा, जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे और अयोध्या के आकाश को विभिन्न प्रकार की रोशनी से सराबोर करेंगे।

कोरियोग्राफ्ड ग्रीन एरियल फायरक्रैकर शो को 10 मिनट से ज्यादा अवधि के लिए संचालित किया जाएगा। भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन होगा, जिसमें राम रथ समेत सात बड़े मैकेनाइज्ड टैब्ल्यू को भी शोकेस किया जाएगा। दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान ही अयोध्या समेत आसपास के सभी प्रमुख क्षेत्रों के वर्चुअल रियलिटी प्लेटफॉर्म के जरिए दर्शन कराने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिन तीर्थस्थलों को वर्चुअल रियलिटी के जरिए जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर, नागेश्वर नाथ मंदिर, राम की पैड़ी, छोटी देवकाली मंदिर, बड़ी देवकाली मंदिर, कनक भवन मंदिर व दशरथ महल मंदिर मुख्य हैं। इसके अतिरिक्त, रंग महल मंदिर, सूर्य कुंड, भरत कुंड, गुप्तार घाट, राम हेरिटेज वॉक, राम गुलेला मंदिर, श्रृंगी ऋषि का आश्रम, मखोड़ा धाम, सिया राम किला, जैन मंदिर, को भी वर्चुअल रियलिटी प्रक्रिया से जोड़ने कार्य शुरू हो गया है।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद

SURGERY FROM ADMISSION TO DISCHARGE INCLUDING MEDICINE

| Package | Day | Price |
|---|---|---|
| Gallbladder | 4 | ₹ 37,000 |
| Hydrocele | 1 | ₹ 18,500 |
| Appendix | 3 | ₹ 30,500 |
| Lapchole | 3 | ₹ 35,500 |
| Hernia | 3 | ₹ 30,000 |
| Piles | 3 | ₹ 25,500 |

7808368888 www.asarfihospital.com